E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
7 अक्टूबर, 2026
बुधवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 84 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | सोच नई, राजस्थान के लिए | मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

बीफ न्यूज

हरमनप्रीत कौर ने छोड़ी कप्तानी

नई दिल्ली। हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी है। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। यह फैसला एक दिन पहले गुवाहाटी में हुई BCCI की मीटिंग के बाद आया है। बैठक में हरमनप्रीत, उपकप्तान स्मृति मंधाना और कोच अमोल मजूमदार शामिल हुए थे। टीम के भविष्य और कप्तानी को लेकर भी चर्चा हुई। हरमनप्रीत के बाद स्मृति मंधाना को अगला कप्तान बनाया जा सकता है। हरमनप्रीत ने लिखा, आज मैं सभी फॉर्मेट में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ रही हूं। यह आसान फैसला नहीं है। इसमें सालों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे पल जुड़े हैं, जो जिंदगीभर मेरे साथ रहेंगे।

अमेरिकी सैनिक को गोली से मौत की सजा

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूर्व अमेरिकी सैनिक निदाल हसन को गोली मारकर मौत की सजा देने का आदेश दिया है। पेंटागन ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अगर हसन की सजा लागू होती है तो वह 1961 के बाद अमेरिकी सैन्य न्याय व्यवस्था के तहत मौत की सजा पाने वाला पहला व्यक्ति होगा। सैन्य व्यवस्था में आखिरी बार प्राइवेट जॉन ए. बेनेट को मौत की सजा दी गई थी। हसन ने 2009 में टेक्सास के सैन्य अड्डे पर धार्मिक नारा लगाते हुए गोलीबारी की थी, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई थी।

होर्मुज के पास जहाज पर हमला, 11 जख्मी

मस्कट। भारत ने मंगलवार को ओमान के पास स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में पनामा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज पर हमले की निंदा की। हमले में 12 क्रू मेंबर घायल हुए, जिनमें 11 भारतीय हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जहाज एमटी ऑन पीस ओमान के तट से गुजर रहा था। इसी दौरान उस पर एक प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। जहाज पर कुल 19 लोग सवार थे। इनमें 17 भारतीय नागरिक थे। ओमानी अधिकारियों की मदद से घायलों को निकालकर ओमान के खासाब में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। भारत ने क्षेत्र में जहाजों पर जारी हमलों पर चिंता जताई। उसने शांति और स्थिरता के लिए ऐसे हमले तुरंत रोकने की मांग की।

सरकारी नौकरी के पीछे नहीं भागें: रोजगार देने वाले बनें: भजनलाल शर्मा

51वीं सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का समापन, कहा- पिछली सरकार में पेपर लीक होते थे, हमनें 415 परीक्षाएं करवाईं

थिंक राजस्थान • जयपुर

सीएम भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को युवाओं के लिए कहा है कि सरकारी नौकरी के पीछे ही नहीं भागें, बल्कि अपने कौशल और प्रतिभा के दम पर रोजगार देने वाले बनें। सरकार युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में भी काम कर रही है।

सीएम जयपुर के सिरसी रोड स्थित अलंकार महिला पीजी कॉलेज में 51वीं सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का समापन समारोह में बोल रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विजेता

खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा- पिछली सरकार के समय पेपर लीक की घटनाएं होती थीं, जबकि उनकी सरकार के करीब ढाई साल के कार्यकाल में 415 परीक्षाएं आयोजित हुई हैं। एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। उन्होंने कहा- योग राजस्थान ही नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति और अनमोल धरोहर है। आज छोटे बच्चे और युवा योग को केवल अभ्यास के तौर पर नहीं, बल्कि प्रतियोगिता के रूप में भी अपना रहे हैं। जयपुर में 3 से 6 अक्टूबर तक 51वीं सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिसमें देशभर से खिलाड़ी पहुंचे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- योग और प्राणायाम आज करोड़ों लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं। योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का काम करता है। योग को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। 21 जून को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है और योग अब भारत की सीमाओं से निकलकर विश्व को जोड़ने का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि कर्म की कुशलता ही वास्तविक योग है। जीवन में योग को अपनाने से शरीर स्वस्थ और मजबूत रहता है, तनाव कम होता है और सकारात्मकता बढ़ती है। मुख्यमंत्री ने बच्चों की एकाग्रता, अनुशासन और योग के प्रति उनकी रुचि की भी सराहना की।

युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं का मुद्दा उठाते हुए पिछली कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के समय पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में अब तक 415 परीक्षाएं कराई जा चुकी हैं। इनमें एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हाल के एक कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री 410 परीक्षाएं बिना पेपर लीक कराने का दावा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए लगातार काम कर रही है। समारोह में सांसद राव राजेंद्र सिंह, भाजपा नेता लालचंद कटारिया, राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल और भाजपा जयपुर देहात जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता मौजूद रहे। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस का कोहराम

8 घंटे धरने के बाद राहुल-प्रियंका को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया; 2 घंटे बाद छोड़ा

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे राहुल और प्रियंका गांधी को दिल्ली पुलिस ने मंगलवार रात 10 बजे रिहा कर दिया। पुलिस ने राहुल समेत करीब 250 लोगों को आकाशवाणी परिसर से रात 8 बजे हिरासत में लिया था। राहुल जब पुलिस लाइन से बाहर निकले तो उनके हाथ में संविधान की कॉपी थी। वे दोपहर 12.30 बजे से CEC ज्ञानेश कुमार से मिलने की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। चुनाव आयोग ने देर शाम कहा कि राहुल या उनके प्रतिनिधियों ने CEC से मिलने के लिए अपॉइंटमेंट नहीं मांगा था। इसके बाद पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया था। राहुल की अगुआई में सुबह 10 बजे संसद से विपक्षी दलों का 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' शुरू हुआ था।

प्रियंका किंग्सवे कैंप के गेट पर चढ़ीं, यहीं राहुल को हिरासत में रखा गया

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी किंग्सवे कैंप का गेट फांदकर उसे खोलती हैं, जहां राहुल गांधी और विपक्ष के अन्य नेताओं को हिरासत में रखा गया था। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता और अन्य प्रदर्शनकारी परिसर में घुस जाते हैं। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और INDIA ब्लॉक के अन्य नेताओं को लेकर पुलिस वैन किंग्सवे कैंप पहुंची।

▪ ज्ञानेश कुमार का कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक है। इस दौरान 20 राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं। विपक्ष मानता है कि ज्ञानेश कुमार के रहते निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते।

'सोनिया नागरिक बाद में, पहले मतदाता बन गईं': मदन राठौड़

थिंक राजस्थान • जयपुर

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोनिया गांधी के भारत की नागरिकता और मतदाता बनने को लेकर सवाल उठाया।

राठौड़ ने दावा किया कि सोनिया गांधी भारत की नागरिक बनने से पहले ही मतदाता बन गई थीं और कहा कि उस समय SIR होता तो वह मतदाता नहीं होतीं। उन्होंने इसे 'वोट चोरी' बताते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। मंगलवार को बीजेपी मुख्यालय में मदन राठौड़ ने देश में चुनाव आयोग और SIR को लेकर चल रहे विपक्ष के प्रदर्शन को लेकर पलटवार करते हुए ये बयान दिया है।

राजीव गांधी से शादी के बाद देश की नागरिक बनीं सोनिया: बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि यानि सोनिया गांधी मतदाता पहले बन गई और देश की नागरिक बाद में बनीं, इसे ही वोट चोरी कहते हैं। SIR में इसी का शुद्धिकरण हो रहा है। मदन राठौड़ ने कहा कि उस समय SIR होता तो वह वोटर नहीं होती। क्योंकि वो पहले कैसे मतदाता बन सकती हैं, जबकि वो देश की नागरिक ही नहीं थीं। मदन राठौड़ ने कहा कि मैं सोचता हूं कि विपक्ष गलत रास्ता चुन रहा है, देश में गलत धारणा पैदा करना चाहता है। हम सबको एक बात सोचनी चाहिए कि देश में कौन मतदाता रहे, जिसकी जड़े इस देश से हो। जिसके दादा,परदादा पिता इस देश के नागरिक हो, उसको मताधिकार का अधिकार मिलना चाहिए या फिर जो व्यक्ति बाहर से इस देश में फायदा लेने आया है। व्यापार और कामकाज करने आया है।

प्रताप नगर थाना

केस में मदद के लिए 10 हजार रुपए घूस लेते ASI गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में एक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (ASI) को मंगलवार दोपहर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अरेस्ट किया है। प्रताप नगर थाने में तैनात ASI को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। केस में मदद करने की एवज में आरोपी ने घूस की रकम मांगी थी। एसीबी टीम फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

एसीबी की एडीजी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्रताप नगर थाने में तैनात ASI सुखदेव जाट को अरेस्ट किया है। वह 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। एसीबी को 11 अगस्त को परिवादिया की ओर से लिखित शिकायत दी गई। रिपोर्ट में बताया कि प्रताप नगर थाने में एक केस उसके नाम से है। मामले की जांच ASI सुखदेव कर रहे है। केस में प्रभावी पैरवी व मदद करने और आरोपी को अरेस्ट कर चालान पेश करने के एवज में ASI सुखदेव घूस मांग रहा है। एसीबी की ओर से शिकायत का सत्यापन करने पर रिश्वत डिमांड करने का पता चला। एसीबी की ओर से ट्रैप का चक्रव्यूह रचाकर परिवादी को घूस के 10 हजार रुपए लेकर ASI सुखदेव के पास भेजा।

ट्रैप की कार्रवाई के दौरान आरोपी सुखदेव ने परिवादी से 10 हजार रुपए रिश्वत लेकर पहनी खाकी वर्दी की पेंट की जेब में रख ली। रिश्वत की रकम लेते ही ASI सुखदेव को पहले से तैनात एसीबी टीम ने रंगे हाथों धर-दबोचा।

गुजरात: सड़क पर खड़े ट्रेलर में पीछे से तेज रफ्तार कार घुसी, सात की मौत

भावनगर-सोमनाथ एनएच पर हादसा, ट्रेलर के पहिए टूटकर अलग

भावनगर। गुजरात के भावनगर-सोमनाथ नेशनल हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा शिव शक्ति होटल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बोलेरो एसयूवी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे जा टकराई। बोलेरो में अलंग शिपयार्ड के 7 कर्मचारी सवार थे। सभी काम के सिलसिले में भावनगर से अलंग शिपयार्ड जा रहे थे।

टक्कर इतनी भीषण थी कि भारी-भरकम ट्रेलर तक के अगले पहिए टूटकर अलग हो गए थे। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान विजयभाई चंदुभाई वोरा, पीयूषभाई बिपिनचंद्र शाह, प्रितेशभाई बिपिनचंद्र भयाणी, भार्गवभाई गोसाई, हिरेनभाई मेहता और योगेशभाई शाह और जयेशभाई हिम्मतभाई वसानी के रूप में हुई है।

CCTV कैमरे में कैद हुआ पूरा हादसा

हादसे का CCTV फुटेज भी सामने आया है। फुटेज में तेज रफ्तार बोलेरो सड़क के बाईं ओर खड़े ट्रक से टकराती दिखाई दे रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि टक्कर से ट्रेलर कुछ इंच तक खिसक जाता है और ट्रेलर में बैठा ड्राइवर जमीन पर गिर जाता है। टक्कर से बोलेरो के अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। स्थानीय लोगों ने किसी तरह तीन के शव और एक घायल को निकाला। इसके बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीमों ने अन्य शव निकाले। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जयपुर जिला परिषद सदस्य

नामांकन पत्र भरने के लिए 5 जगह बनाए आरओ ऑफिस

8 अक्टूबर से भरे जाएंगे फॉर्म; 13 लास्ट डेट

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर जिला परिषद सदस्य के पहले चरण की वोटिंग के लिए नामांकन प्रक्रिया 8 अक्टूबर से शुरू होगी। जिला निर्वाचन शाखा ने नामांकन पत्र भरने के लिए जिले में 5 स्थानों पर रिटर्निंग ऑफिसर (RO) ऑफिस बनाए हैं। उम्मीदवार 13 अक्टूबर तक नॉमिनेशन फॉर्म भरे जा सकेंगे।

निर्वाचन शाखा से जारी रिपोर्ट में इस बार वार्ड नंबर 1 से 10 तक के नामांकन पत्र सीकर रोड स्थित VKI रोड नंबर 5 पर मौजूद रीको ऑफिस में भरे जा सकेंगे। जबकि वार्ड संख्या 15 से 26 तक के नामांकन पत्र नगर निगम झोटवाड़ा जोन उपायुक्त कार्यालय खिरणी फाटक पर, वार्ड संख्या 11 से 14 और 51 से 57 तक के लिए नगर निगम हवामहल जोन उपायुक्त ऑफिस, वार्ड संख्या 27 से 37 तक के लिए पंचायत समिति ऑफिस सांगानेर और वार्ड संख्या 38 से 50 के लिए कलेक्ट्रेट ऑफिस में कमरा नंबर 45 में नामांकन पत्र भरने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के ऑफिस खोले गए है।

जयपुर जिला परिषद के 57 सदस्यों के लिए नामांकन पत्र 8 अक्टूबर से लोकसूचना जारी होने के साथ भरने शुरू होंगे। 13 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरने की आखिरी तारीख होगी। हालांकि, राजकीय अवकाश के दिन नामांकन पत्र नहीं भरे जाएंगे। 14 अक्टूबर को प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 15 अक्टूबर दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थी के पास नाम वापसी का समय होगा। 15 अक्टूबर को ही चुनाव चिह्न आवंटन किए जाएंगे।

बंगाल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी की 6 सीटों पर वोटिंग

बंगाल में पुलिस ने हुमायूं कबीर को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। देश के चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में 6 सीटों पर मंगलवार को वोटिंग हुई। इस दौरान आम जनता उन्नयन पार्टी (AJUP) के प्रमुख और विधायक हुमायूं कबीर को बंगाल के मुर्शिदाबाद में उनके पार्टी कार्यालय से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन पर चुनाव में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उनके बेटे गुलाम नबी आजाद भी रेजीनगर से उम्मीदवार हैं। वहीं, मीडिया से बात करते हुए नंदीग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान ने आरोप लगाया है कि उनके पोलिंग एजेंट्स को जबरन उठाया जा रहा है। जिन सीटों पर वोटिंग हो रही है, उनमें पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर, तमिलनाडु की मदुरंतकम और धारापुरम, पुडुचेरी की थट्टानचावडी विधानसभा सीट और असम की नगांव लोकसभा सीट शामिल हैं। सभी सीटों के नतीजे 9 अक्टूबर को आएंगे।

तमिलनाडु: मतदान अधिकारी को हटाया गया

तमिलनाडु के धारापुरम विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को एक मतदान अधिकारी को ड्यूटी से हटा दिया गया। उस पर आरोप है कि उसने एक बुजुर्ग महिला मतदाता से 'सीटी' चुनाव चिह्न वाले उम्मीदवार को वोट देने के लिए कहा। इसके बाद मतदान केंद्र पर हंगामा हो गया। डीएमके और एआईएडीएमके समेत विपक्षी दलों के मतदान एजेंटों ने अधिकारी का विरोध किया।

शिवसेना चुनाव चिह्न विवाद | 4 साल से चल रहा विवाद, चुनाव आयोग दोनों को अलग-अलग निशान दे सकता था

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी- दलबदल संवैधानिक पाप

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को शिवसेना के चुनाव चिह्न विवाद पर सुनवाई हुई। CJI जस्टिस सूर्यकांत की बेंच एकनाथ शिंदे गुट को धनुष-बाण निशान देने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस बागची ने पूछा, "क्या चुनाव चिह्न की भावना उन लोगों के लिए लागू होगी, जिन्होंने संवैधानिक पाप किया है? या उन लोगों के लिए, जिन्होंने संवैधानिक पाप की शिकायत की है?"

सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी पूछा था कि क्या चुनाव आयोग दोनों गुटों को आरक्षित धनुष-बाण निशान देने से इनकार कर सकता था। कोर्ट ने यह भी सवाल किया कि जिन विधायकों की सदस्यता पर अयोग्यता की कार्यवाही चल रही हो, उनकी संख्या को बहुमत का सुरक्षित आधार माना जा सकता है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। मामले पर बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी।

बहुमत के आंकड़ों पर दलील: कौल ने कहा कि शिंदे का समर्थन करने वाले 40 विधायक, 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जीतने वाले शिवसेना के 55 विधायकों के पक्ष में पड़े कुल वोटों का 76% प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने लोकसभा के आंकड़ों का भी हवाला दिया। कौल ने कहा कि शिंदे का समर्थन करने वाले 13 सांसद, पार्टी के जीतने वाले 18 सांसदों के पक्ष में पड़े कुल वोटों का 73% प्रतिनिधित्व करते हैं।

उन्होंने कहा कि सिर्फ अयोग्यता की कार्यवाही लंबित होने से चुनाव आयोग को पैराग्राफ 15 के तहत पार्टी के चुनाव चिह्न विवाद पर फैसला लेने से नहीं रोका जा सकता। कौल ने यह भी कहा कि 2019 की महाराष्ट्र विधानसभा भंग हो चुकी है। 2024 के चुनाव के बाद नया सदन बन चुका है।

शिंदे गुट बोला- विधायी बहुमत के आधार पर फैसला कानूनन सही

सुनवाई के दौरान शिंदे गुट ने दलीलें दी कि चुनाव आयोग का विधायी बहुमत के आधार पर फैसला लेना कानूनी रूप से सही था। नीरज किशन कौल ने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया। उन्होंने चुनाव आयोग के विधायी बहुमत की कसौटी पर भरोसा करने का बचाव किया। कौल ने कहा कि चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश के तहत यह कसौटी तय करने में कानूनी रूप से सही और प्रासंगिक है कि कौन-सा गुट राजनीतिक दल है। कौल ने एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि उसमें अयोग्यता का असर जरूरी तौर पर पहले की

तारीख से लागू होने की बात नहीं कही गई थी। उन्होंने कहा कि वह फैसला ऐसी स्थिति से जुड़ा था, जिसमें स्पीकर के अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला लेने से पहले ही पार्टी में विभाजन माना गया था। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि अयोग्यता पर फैसला उस समय की स्थिति के आधार पर किया जाए, जब याचिकाएं दायर हुई थीं। कौल ने संविधान पीठ के सुभाष देसाई मामले के फैसले का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इस फैसले में विधायी बहुमत की कसौटी के इस्तेमाल पर रोक नहीं लगाई गई है। उन्होंने कहा कि संविधान की दसवीं अनुसूची के पैराग्राफ 2(1)(a) के तहत अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करते समय स्पीकर को पहले यह तय करना पड़ सकता है कि विरोधी गुटों में कौन राजनीतिक दल है।

क्या देश में नया विपक्ष उभर रहा है?

▪ प्रदीप बीदावत

देश की राजनीति में एक नया सवाल धीरे-धीरे आकार ले रहा है। सवाल यह नहीं कि भाजपा मजबूत है या कांग्रेस कमजोर। असली सवाल यह है कि क्या इन दोनों के बीच कोई तीसरी राजनीतिक जगह बन रही है?

कांग्रेस के कई नेता इस पूरे विमर्श को भाजपा की रणनीति मानते हैं। उनका तर्क है कि कांग्रेस को विपक्ष की स्वाभाविक जगह से हटाने की कोशिश हो रही है। यह तर्क अपनी जगह हो सकता है। लेकिन इसे कुछ देर के लिए अलग रख दें, तब भी जमीन पर एक बदलाव साफ दिखाई देता है। लोगों का एक हिस्सा भाजपा से भी नाराज है और कांग्रेस से भी उम्मीद नहीं रखता।

यही सबसे बड़ा बदलाव है।

यह उस आम आदमी की बेचैनी है, जो नौकरी चाहता है। परीक्षा सही चाहता है। महंगाई से राहत चाहता है। सरकारी दफ्तर में काम चाहता है। उसे रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान चाहिए। लेकिन जब समाधान नहीं मिलता, तो उसका गुस्सा केवल सत्ता पक्ष पर नहीं जाता। वह पूरे राजनीतिक ढांचे पर सवाल उठाने लगता है। यहीं से भाजपा और कांग्रेस दोनों की मुश्किल शुरू होती है। भाजपा ने लंबे समय तक एक बहुत मजबूत राजनीतिक नैरेटिव बनाया था। कांग्रेस सत्ता में नहीं थी, फिर भी देश की कई समस्याओं का जिम्मेदार कांग्रेस को बताया जाता रहा। आम आदमी के मन में यह बात बैठाई गई कि आज जो कुछ गलत है, उसकी जड़ पिछली सरकारों में है।यह नैरेटिव भाजपा के लिए बेहद कारगर रहा।

इसके साथ एक और सवाल चलता रहा— मोदी नहीं तो कौन? भाजपा नहीं तो किसे वोट देंगे? राहुल गांधी को? अखिलेश यादव को? तेजस्वी यादव को? इस सवाल का राजनीतिक फायदा भी भाजपा को मिला। क्योंकि विपक्ष का नाम आते ही मतदाता के सामने विकल्प की कमजोरी रख दी जाती थी।

लेकिन अब यही सवाल पलट रहा है। अब मतदाता पूछ रहा है—अगर भाजपा नहीं तो क्या कांग्रेस ही जरूरी है? यह छोटा सवाल नहीं है। मान लीजिए किसी मतदाता को लगता है कि भाजपा उसकी समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रही। उसे यह भी लगता है कि भाजपा धीरे-धीरे उसी सत्ता संस्कृति में ढल रही है, जिसकी वह कभी आलोचना करती थी। लेकिन वही मतदाता कांग्रेस को भी विकल्प नहीं मानता।

तब वह जाएगा कहां? यही खाली जगह अब नई पार्टियां तलाश रही हैं। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी ने यही किया। दोनों राज्यों में पहले से राजनीतिक विकल्प मौजूद थे। दिल्ली में भाजपा मजबूत थी। पंजाब में अकाली दल की गहरी जड़ें थीं। फिर भी मतदाताओं ने एक नई पार्टी को मौका दिया। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था। यह पुराने विकल्पों से ऊब का संकेत भी था।

तमिलनाडु में लंबे समय तक राजनीति डीएमके और अन्ना डीएमके के बीच घूमती रही। अब विजय की टीवीके एक नए राजनीतिक प्रयोग के रूप में सामने है। आंध्र प्रदेश में भी राजनीति पुराने ढांचे से बाहर निकली और वाईएसआर कांग्रेस ने बड़ी जगह बनाई। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव ने नए राज्य की राजनीति पर अपनी अलग पकड़ बनाई।

कोई कह सकता है कि इसमें नया क्या है?

भारत में क्षेत्रीय पार्टियां पहले भी बनी हैं। बिहार में राजद बनी। उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा उभरीं। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस आई। आंध्र प्रदेश में टीडीपी मजबूत हुई। कई राज्यों में स्थानीय दलों ने कांग्रेस और भाजपा दोनों को चुनौती दी।

बात सही है। लेकिन इस बार फर्क थोड़ा गहरा है। पहले बनी ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियां किसी खास सामाजिक समीकरण, क्षेत्रीय पहचान, भाषा, जाति या स्थानीय मुद्दे के आधार पर उभरी थीं। उनका प्रभाव भी अधिकतर एक या दो राज्यों तक सीमित रहा। अब जो नई ताकतें सामने आ रही हैं, वे राष्ट्रीय सवाल उठा रही हैं।

पेपर लीक किसी एक राज्य का मुद्दा नहीं है। बेरोजगारी किसी एक प्रदेश की समस्या नहीं है। परीक्षा व्यवस्था पर सवाल पूरे देश में हैं। चुनावी प्रक्रिया पर अविश्वास भी केवल एक राज्य तक सीमित नहीं है। सरकारी व्यवस्था से नाराजगी भी व्यापक है। यही वह जमीन है, जहां नई राजनीति जगह तलाश रही है।

आम आदमी पार्टी ने भी शुरुआत किसी क्षेत्रीय अस्मिता से नहीं की थी। उसने भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और शासन को राजनीतिक मुद्दा बनाया। उसने गवर्नेंस को ही विचारधारा की तरह पेश किया। इस प्रयोग की सफलता और असफलता अलग बहस है।

लेकिन उसने एक बात साबित की—कांग्रेस और भाजपा के बाहर भी राजनीतिक जगह बनाई जा सकती है। अब इसी संदर्भ में कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी की चर्चा हो रही है। वह अभी पूरी तरह स्थापित राजनीतिक पार्टी नहीं है। लेकिन उसके मुद्दे स्थानीय नहीं हैं। पेपर लीक, भर्ती, परीक्षा प्रणाली, युवाओं का आक्रोश और चुनावी प्रक्रिया जैसे सवाल देश के अलग-अलग हिस्सों के युवाओं को छूते हैं। यही कारण है कि उसका असर उसके संगठन से बड़ा दिखाई देता है।

यहीं कांग्रेस की बेचैनी समझ में आती है।

अगर भाजपा से नाराज मतदाता सीधे कांग्रेस के पास नहीं आता, तो कांग्रेस की पूरी रणनीति बदल जाती है। अभी तक उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत यह रही है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का मुख्य विकल्प मानी जाती रही है। लेकिन अगर यह धारणा टूटती है, तो कांग्रेस के सामने संकट सिर्फ चुनाव हारने का नहीं होगा। संकट विपक्ष की जगह बचाने का होगा। यही इस पूरे घटनाक्रम का सबसे अहम पहलू है। कांग्रेस को शायद लगता है कि भाजपा उसे पहले सत्ता से हटाने में सफल हुई। अब वह उसे विपक्ष की स्वाभाविक जगह से भी हटाना चाहती है। इसलिए कांग्रेस नई ताकतों के पीछे भाजपा की भूमिका देखती है। यह शक राजनीतिक रूप से समझ में आता है। लेकिन इसमें एक खतरा भी है। अगर हर नई राजनीतिक ताकत को भाजपा की बी-टीम बताकर खारिज कर दिया गया, तो कांग्रेस उस वास्तविक असंतोष को नहीं समझ पाएगी, जो उसके खिलाफ भी मौजूद है। और यही गलती महंगी पड़ सकती है।

दूसरी तरफ भाजपा के लिए भी यह खेल हमेशा फायदेमंद रहेगा, ऐसा मानना गलत होगा। तीसरा विकल्प पहले कांग्रेस का वोट काट सकता है। लेकिन अगर वह मजबूत हो गया, तो भाजपा से नाराज मतदाता भी उसी तरफ जा सकता है। यानी जिस तीसरे विकल्प को आज कोई पार्टी अपने फायदे का मान रही है, वही कल उसके लिए संकट बन सकता है। कॉकरोच जनता पार्टी के मामले में यह तनाव अब खुलकर सामने आने लगा है।

पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ उसके आंदोलन को शुरुआत में कांग्रेस ने शायद गंभीर राजनीतिक चुनौती नहीं माना। इसे युवाओं का असंतोष समझा गया। एक ऑनलाइन मंच से निकली आवाज माना गया। लेकिन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी SIR के खिलाफ प्रदर्शन ने तस्वीर बदल दी। अब मामला केवल छात्रों तक सीमित नहीं रहा। यह चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं तक पहुंच गया। आम आदमी पार्टी, लेफ्ट, सिविल सोसायटी और कुछ क्षेत्रीय ताकतों का समर्थन मिलने लगा। इसके बाद कांग्रेस और सीजेपी के बीच तनाव बढ़ा। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने सीजेपी को आम आदमी पार्टी का फ्रंट बताया। आम आदमी पार्टी को पहले से भाजपा की मदद करने वाली ताकत बताने का नैरेटिव कांग्रेस में मौजूद रहा है। जवाब में सीजेपी ने भी कांग्रेस पर हमला बोल दिया।

सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने 'सेल्फ स्टाइल लिबरल इकोसिस्टम' पर निशाना साधा। उनका तर्क था कि एक खास राजनीतिक और बौद्धिक वर्ग नई आवाजों को स्वीकार नहीं करना चाहता। उनका कहना था कि लंबे समय बाद किसी नए राजनीतिक प्रयास ने आम लोगों की कल्पना और बेचैनी को पकड़ा है। इसके बाद विवाद और बढ़ा।

कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि आशुतोष रांका असम गए, लेकिन कांग्रेस नेताओं से नहीं मिले। जबकि कांग्रेस का दावा था कि उसने सीजेपी से जुड़े लोगों को पुलिस कार्रवाई से बचाने में मदद की थी। इसके बाद रांका ने तीखी प्रतिक्रिया दी। सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने भी इस लाइन को आगे बढ़ाया। उनका हमला सीधा था। उनका कहना था कि कुछ लोग मानते हैं कि देश और संविधान बचाने का अधिकार केवल उन्हीं के पास है। उन्होंने 'सेल्फ डिक्लेयर्ड लिबरल्स' और 'संविधान के स्वयंभू ठेकेदार' जैसे शब्द इस्तेमाल किए। यह भाजपा पर हमला नहीं था। यह सीधे कांग्रेस और उसके आसपास खड़े वैचारिक इकोसिस्टम पर हमला था। यही बात इस कहानी को महत्वपूर्ण बनाती है। यह लड़ाई केवल सत्ता पक्ष और विपक्ष की नहीं है। अब लड़ाई विपक्ष की जगह के लिए भी है। सवाल है कि भाजपा विरोधी वोट का स्वाभाविक दावेदार कौन है? क्या वह हमेशा कांग्रेस ही रहेगी? या अब मतदाता अलग-अलग राज्यों में तीसरा, चौथा और पांचवां विकल्प तलाशेगा? अभी इसका जवाब साफ नहीं है। नया विपक्ष खड़ा करना आसान भी नहीं है।

सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होना अलग बात है। चुनाव जीतना अलग। देशव्यापी संगठन चाहिए। बूथ स्तर तक नेटवर्क चाहिए। पैसा चाहिए। मजबूत चेहरे चाहिए। सामाजिक समीकरण चाहिए। और सबसे बढ़कर भरोसा चाहिए। इनमें से अधिकतर नई ताकतों के पास अभी यह सब नहीं है। लेकिन उनके पास एक चीज है। एक राजनीतिक खाली जगह।

बिहार में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी इसी जगह को तलाश रही है। उत्तर प्रदेश में चंद्रशेखर आजाद अपनी अलग सामाजिक राजनीति खड़ी कर रहे हैं। तमिलनाडु में विजय की टीवीके नई जगह तलाश रही है। पंजाब में अमृतपाल सिंह से जुड़ी राजनीति का अलग असर है। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम लंबे समय से कांग्रेस के पारंपरिक वोट बैंक में जगह बनाने की कोशिश कर रही है। इन दलों की विचारधारा एक नहीं है। इनका नेतृत्व अलग है। इनका सामाजिक आधार अलग है। इनके लक्ष्य भी अलग हैं। लेकिन एक बात इन्हें जोड़ती है। ये उस मतदाता से बात कर रहे हैं, जो भाजपा से संतुष्ट नहीं है और कांग्रेस पर भी भरोसा नहीं करता। यही वह मतदाता है, जो आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति का सबसे महत्वपूर्ण मतदाता बन सकता है। इसलिए अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि देश में नया राष्ट्रीय विपक्ष खड़ा हो गया है। नहीं। अभी ऐसा नहीं हुआ है। लेकिन नए विपक्ष का विचार जरूर पैदा हो गया है। और राजनीति में कई बार विचार ही सबसे पहले आता है। संगठन बाद में बनता है। नेता बाद में आते हैं। वोट बाद में जुड़ते हैं।

आज सवाल सिर्फ इतना है— क्या भाजपा का विकल्प सिर्फ कांग्रेस है? अगर इसका जवाब धीरे-धीरे 'नहीं' होने लगा, तो भारतीय राजनीति का अगला दशक बहुत अलग हो सकता है।

ब्रीफ न्यूज

झालावाड़ की हंसनंदिनी व्यास ने जीता स्वर्ण, राघव मालव ने कांस्य पदक

थिंक राजस्थान • झालावाड़

70वीं स्कूल गेम्स स्टेट कराटे चैंपियनशिप-2026 का आयोजन 1 से 7 अक्टूबर तक सादुलशहर, श्रीगंगानगर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में झालावाड़ जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए हंसनंदिनी व्यास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 वर्ष बालिका वर्ग के 68 किलोग्राम भार वर्ग में इंडिविजुअल कुमिते में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 17 वर्ष बालक वर्ग के 50 किलोग्राम भार वर्ग में इंडिविजुअल कुमिते में राघव मालव ने कांस्य पदक जीतकर झालावाड़ का नाम गौरवान्वित किया। कराटे कोच अनीता मालव ने बताया कि हंसनंदिनी व्यास ने दूसरी बार स्टेट कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राघव मालव ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरी बार पदक हासिल किया है।हंसनंदिनी के स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही उन्होंने आगामी स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए अंतिम दो खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाई है।कराटे कोच अनीता मालव ने बताया कि झालावाड़ के कराटे खिलाड़ी प्रतिभावान और मेहनती हैं। नियमित अभ्यास, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है।दोनों खिलाड़ी वॉरियर्स मार्शल आर्ट अकादमी, आनंद विहार, झालावाड़ में नियमित कराटे अभ्यास करते हैं तथा रूपनगर पब्लिक स्कूल, झालावाड़ में अध्ययनरत हैं।अनीता मालव ने बताया कि प्रतियोगिता में झालावाड़ के कुछ खिलाड़ियों के मुकाबले अभी बाकी हैं। ऐसे में झालावाड़ की झोली में और भी पदक आने की पूरी संभावना है।इस उपलब्धि पर खेलप्रेमियों, प्रशिक्षकों, परिजनों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

अलवर UIT में लगाए गए रिटायर्ड XEN की नियुक्ति कैंसिल

थिंक राजस्थान • अलवर

रिटायर्ड एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (XEN) कुमार संभव अवस्थी की अलवर UIT में फिर से हुई नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया है। सरकार ने मई में एक्सईएन कुमार संभव अवस्थी को नियुक्त करने के आदेश जारी किए थे। लेकिन कुमार संभव के विरोध में यूआईटी के ठेकेदारों ने ऑफिस के बाहर धरना दिया था। नगरीय विकास एवं आवासन (UDH) विभाग ने नगर विकास न्यास (UIT) अलवर में काम कर रहे कुमार संभव अवस्थी की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। UDH विभाग के शासन उप सचिव-तृतीय डॉ. राष्ट्रदीप यादव ने इसके आदेश जारी किए। मामले में कुमार संभव अवस्थी का कहना है कि ठेकेदारों की ओर से उन पर लगाए गए आरोपों पर मानहानि का दावा किया हुआ है। कोर्ट की प्रक्रिया जारी है। नियुक्ति निरस्त करने के मामले में कहा कि यह विभागीय प्रक्रिया है। न्यास में तीन एक्सईएन के पद नियुक्ति की जा चुकी है। इस कारण सरकार ने नियुक्ति निरस्त की है।

सेना भर्ती में अवार्ड मिला था, लेकिन ठेकेदारों ने विरोध किया था

तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से महिला की मौत, घर से पीहर जाने के लिए निकली थी

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में 22 गोदाम स्थित एलिवेटेड रोड पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। महिला अपने पीहर जा रही थी। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान में जुटी है। सोड़ाला थानाधिकारी मनोज बेरवाल ने बताया- हादसा मंगलवार सुबह करीब सुबह साढ़े 8 बजे हुआ। पूजा शर्मा (38) स्कूटी से श्याम नगर स्थित अपने घर से ब्रह्मपुरी स्थित पीहर जा रही थी। इसी दौरान 22 गोदाम एलिवेटेड रोड पर तेज रफ्तार से आए अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पूजा शर्मा की स्कूटी टक्कर के बाद पहले सड़क किनारे पोल से टकराई। फिर घिसटते हुए 100 मीटर तक गई। इस दौरान महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद वाहन ड्राइवर बिना रुके मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल महिला को इलाज के लिए इस रूट पर आ रही एम्बुलेंस से एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पूजा शर्मा

परिवार में एक बेटा और एक बेटी

पूजा शर्मा के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। पति योगेश कुमार शर्मा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन से संबंधित कारोबार करते हैं। हादसे की सूचना के बाद परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद फरार वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए 22 गोदाम एलिवेटेड रोड और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

महिला स्टाफ का आरोप- डॉक्टर रात को मोबाइल पर भेजता है मैसेज

विरोध करने पर हॉस्पिटल से निकाला; डॉक्टर समेत दो को पुलिस ने पकड़ा

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर में एक निजी हॉस्पिटल में काम करने वाली महिला स्टाफ ने हॉस्पिटल के मैनेजर और डॉक्टर के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, रात के समय मैसेज भेजने और तंग करने का आरोप लगाया है। जिसके बाद पुलिस ने डॉक्टर के साथ स्टाफ के एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, दोनों के खिलाफ मंगलवार को महिला स्टाफ ने हॉस्पिटल के बाहर विरोध जताया। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से डॉक्टर और उसके साथी को थाने ले आई। वहीं बाद में हॉस्पिटल की स्टाफ रही लड़कियां भी थाने पहुंची, जहां उन्होंने गलत मैसेज भेजने और दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया कि हॉस्पिटल के डॉक्टर ने उन्हें मैसेज किए। इसका जवाब नहीं देने पर बदतमीजी भी की। इतना ही नहीं विरोध करने पर उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। मामले में पुलिस ने डॉक्टर और उसके साथी को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है।

काम करने के दौरान हैरेसमेंट का भी आरोपः थानाधिकारी ने बताया कि हॉस्पिटल में काम करने वाली महिला स्टाफ ने थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वहां के डॉक्टर उन्हें मैसेज भेजते हैं और काम करने के दौरान हैरेसमेंट करते हैं। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मैसेज क्यों किए गए थे और किस उद्देश्य से किए गए थे।

हत्या के दोषी को पासपोर्ट रिन्यू कराने की इजाजत नहीं मिली

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट ने साफ किया है कि हत्या जैसे गंभीर अपराध में दोषी को पासपोर्ट रिन्यू कराने की इजाजत नहीं मिलेगी। जस्टिस मुन्नुरी लक्ष्मण और जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू की बेंच ने चूरू निवासी जिनेंद्र सिंह की याचिका खारिज की। जिनेंद्र सिंह को मई 2023 में निचली अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ उनकी अपील हाईकोर्ट में लंबित है। उन्होंने अपने पासपोर्ट को रिन्यू कराने के लिए अदालत से अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 6(2)(ई) का हवाला दिया। इसके तहत, पिछले 5 साल में नैतिक अधमता से जुड़े अपराध में दो साल या अधिक की सजा पाने वाले को पासपोर्ट जारी या रिन्यू नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने कहा, हत्या गंभीर नैतिक अधमता की श्रेणी में आता है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि लंबित मुकदमों में कोर्ट की इजाजत से पासपोर्ट जारी हो सकता है, पर दोषी साबित हो चुके व्यक्ति को ऐसी कोई छूट नहीं मिलती।

मानसिक गृह की जांच करवाने की मांग

झुंझुनूं। मानसिक रूप से कमजोर और विशेष देखभाल की जरूरत वाले लोगों के लिए संचालित गृह को लेकर स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) ने प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। SFI तहसील कमेटी झुंझुनूं ने इस संबंध में प्रशासन और संबंधित विभागों को पत्र भेजकर जयपुर से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विशेष टीम बुलाने की मांग की है। संगठन ने कहा है कि संस्थान की मान्यता, संचालन की शर्तों, निर्धारित मापदंड, स्टाफ व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था सहित पूरे संचालन की गहन जांच होनी चाहिए।

सरिस्का से निकलकर थानागाजी कस्बे में पहुंचा टाइगर, सड़क पर दिखा तो वाहनों के थमे पहिए

थिंक राजस्थान • अलवर

अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व से निकलकर एक बाघ थानागाजी कस्बे में पहुंच गया। बाघ सड़क पर दिखाई दिया तो राह से गुजर रहे वाहन रुक गए और लोग सतर्क हो गए। घटना का VIDEO भी सामने आया है। थानागाजी SHO ने कस्बेवासियों से सावधानी बरतने और बाघ से दूरी बनाए रखने की अपील की है। बाघ सरकारी पीजी कॉलेज के मार्ग से होते हुए पुलिस थाने के पास तक पहुंचा। रात करीब 9 बजे सड़क पार करते समय बाघ को देखकर वाहन चालकों के पहिए थम गए। लोगों ने अपने वाहन रोक दिए और बाघ का वीडियो बनाने लगे। कस्बे में बाघ के पहुंचने की सूचना से लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

बाघ के कस्बे की ओर आने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को बाघ की तरफ जाने से रोका और सुरक्षित स्थानों पर रहने की हिदायत दी। बाघ के मूवमेंट को देखते हुए कस्बे में भी सतर्कता बढ़ा दी गई। थानाधिकारी महावीर ने कस्बेवासियों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जंगली जानवर का मूवमेंट है, ऐसे में लोग सुबह अंधेरे में घर से बाहर न निकलें और दिन निकलने के बाद ही भ्रमण के लिए जाएं। मॉर्निंग वॉक और इवनिंग वॉक करने वालों से भी सतर्क रहने की अपील की गई है।

स्टाइपेंड; 23 दिन से डॉक्टर्स का धरना: 12 दिन से भूख हड़ताल

थिंक राजस्थान • जयपुर

स्टाइपेंड की मांग को लेकर FMG (MBBS) डॉक्टर पिछले 23 दिनों से चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (DME) जयपुर में दिन-रात धरने पर बैठे हैं, जबकि 12 दिनों से भूख हड़ताल भी जारी है। डॉक्टरों का कहना है कि NMC के निर्देश और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद उन्हें अब तक स्टाइपेंड का भुगतान नहीं किया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि अन्य राज्यों में FMG (MBBS)इंटर्न को स्टाइपेंड दिया जा रहा है। हाल ही में भाजपा शासित गुजरात सरकार ने भी FMG (MBBS)इंटर्न के लिए ₹21,840 प्रतिमाह स्टाइपेंड मंजूर किया है। ऐसे में डॉक्टरों का सवाल है कि जब अन्य राज्यों में इसी नियम के तहत भुगतान हो सकता है, तो राजस्थान में क्यों नहीं?

डॉक्टरों का कहना है कि 23 दिनों से DME में बैठे होने और 12 दिनों से भूख हड़ताल के बावजूद अधिकारियों से संतोषजनक बातचीत नहीं हो रही और मंत्री व संबंधित अधिकारी भी उनकी समस्या का ठोस समाधान नहीं कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा राजस्थान को लंबित स्टाइपेंड जारी करने के निर्देश के बावजूद डॉक्टरों को अब तक वास्तविक भुगतान और स्पष्ट समयबद्ध समाधान नहीं मिला है। डॉक्टरों का कहना है कि "हम कोई विशेष सुविधा नहीं मांग रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट और NMC के निर्देशों के अनुसार अपना अधिकार मांग रहे हैं। जब दूसरे राज्यों में FMG डॉक्टरों को स्टाइपेंड मिल रहा है, तो राजस्थान में हमें 23 दिन तक सड़क पर बैठकर और 12 दिन भूख हड़ताल करके अपना अधिकार क्यों मांगना पड़ रहा है?"

ब्रीफ न्यूज

बोलेरो सवार लोगों ने वकील के साथ की मारपीट, 5-7 लोगों पर केस दर्ज

थिंक राजस्थान • नागौर

नागौर में जमानत की पैरवी करने जा रहे एक वकील के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि बोलेरो सवार लोगों ने बालवा रोड पर वकील की बाइक को टक्कर मारकर उन्हें सड़क पर गिरा दिया। इसके बाद लाठियों से हमला किया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीरों ने बीच-बचाव कर वकील को हमलावरों से छुड़ाया। घटना के बाद वकील ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दी। वकील रामकिशोर बाना ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया- वे सुरपालिया थाना क्षेत्र से जुड़े एक मामले में बाल अपचारी की पैरवी कर रहे हैं। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कुछ लोग न्यायालय परिसर में उनके ऑफिस पहुंचे और बाल अपचारी की पैरवी नहीं करने के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि इस दौरान केसाराम ने ऑफिस में रखी केस की फाइलें फाड़ दीं और बहस करते हुए मारपीट का प्रयास किया। मौके पर मौजूद साथी वकीलों ने बीच-बचाव किया और केसाराम को न्यायालय परिसर से बाहर निकलवाया। वकील रामकिशोर ने आगे बताया- दोपहर करीब 2 बजे बालवा रोड स्थित किशोर न्याय बोर्ड में पैरवी के लिए जा रहा था। इसी दौरान केसाराम, राजूराम सहित 5-7 अन्य लोग बोलेरो में सवार होकर वहां पहुंचे और बोलेरो से मेरी बाइक को टक्कर मार दी। इससे मैं सड़क पर गिर गया। इसके बाद आरोपियों ने लाठियों से मेरे साथ मारपीट की। मौके पर राहगीरों के पहुंचने के बाद हमलावर वहां से चले गए।

मकराना में स्टेट हाईवे-2बी का हिस्सा खान में ढहा, एक तरफ का रास्ता बंद

थिंक राजस्थान • मकराना

मकराना के बोरावड़-कुम्हारी रेंज में स्टेट हाईवे-2बी के किनारे एक खान का हिस्सा मंगलवार सुबह ढह गया। इससे सड़क का कुछ भाग भी खान में समा गया। हादसे के बाद एहतियात के तौर पर सड़क के एक हिस्से को बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे केबल डालने का काम चल रहा था। इसी दौरान मिट्टी ढीली होने से सड़क का हिस्सा खिसककर खान में गिर गया। खनिज विभाग के माइनिंग इंजीनियर (एमई) ललित मंगल ने बताया कि यह खान करीब दो साल से बंद पड़ी थी। उन्होंने कहा कि जल्द ही सड़क की मरम्मत करवाकर इसे ठीक किया जाएगा।

कोटा के सिद्धेश्वर मंदिर में चोरी, दानपेटी से नकदी लेकर भागा

थिंक राजस्थान • कोटा

कोटा में महावीर नगर विस्तार योजना स्थित मंदिर में चोरी हो गई। चोर मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। चोर ने मंदिर का लॉक तोड़ने के लिए करीब 8 मिनट तक कोशिश करता रहा, लेकिन पांचवें प्रयास में वह अंदर घुसने में सफल रहा। इसके बाद दानपेटी से नकदी निकालकर फरार हो गया। चोरी की वारदात महावीर नगर विस्तार योजना सेक्टर A में सिद्धेश्वर मंदिर में सोमवार तड़के 2.15 बजे से 2.27 बजे के बीच हुई है। हालांकि, अभी तक मंदिर समिति की ओर से थाने में कोई शिकायत नहीं दी गई है। मंदिर समिति से जुड़े रामरतन ने बताया कि बदमाश ने 8 मिनट में 4 बार मंदिर के गेट का लॉक तोड़ने की कोशिश की। हर बार प्रयास के बाद वो इधर उधर चला जाता। लेकिन पांचवें प्रयास में बदमाश ने लॉक तोड़ा और मंदिर के अंदर घुस गया। उसने मंदिर में रखी दान पेटी से नकदी निकाली और फरार हो गया। हालांकि, समिति सदस्यों ने शुक्रवार को ही दान पेटी खोलकर नकदी निकाल ली थी। बदमाश के हाथ दान पेटी मेंआया दो दिन का पैसा (लगभग 200/300 रुपए) ही लगा है। इस मंदिर में डेढ़ साल में ये तीसरी चोरी है। पहले हुई दो चोरियों की शिकायत थाने में दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बार मंदिर समिति ने चोरी की शिकायत नहीं देने का निर्णय लिया है। सुरक्षा के लिहाज से मंदिर के आसपास के मकानों में 4 CCTV कैमरे लगा रखे हैं।

पुलिस से बचने के लिए एमपी में फर्नीचर का बिजनेस शुरू किया, टीम ने कारीगरों को ट्रैक कर ठिकानों पर दबिश दी

दादा को नशा खरीदते देखा तो तस्करी का आइडिया आया: फर्नीचर कारीगरों के साथ पार्टी करते दबोचा; तीन राज्यों में फैलाया नेटवर्क

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

दादा को नशे का सामान खरीदते देख मजदूरी करने वाला विशनाराम तीन राज्यों का बड़ा तस्कर तस्कर बन गया। पुलिस ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया। ANTF टीम ने मध्यप्रदेश से तस्कर को गिरफ्तार किया है। 12 सालों में राजस्थान के अलग-अलग पुलिस थानों में डेढ़ दर्जन मामले दर्ज हैं। तस्कर एएनटीएफ से बचने के लिए एमपी में फर्नीचर का बिजनेस शुरू किया था। टीम ने कारीगरों को ट्रैक कर उसके ठिकानों पर दबिश दी। आईजी विकास कुमार ने बताया- आरोपी ने पुलिस बचने के लिए जोधपुर में किराए का मकान लिया। समय-समय पर रिश्तेदारों के यहां ठिकाने बदलकर फरारी काटता रहा। लगातार एएनटीएफ के लगातार दबिश की वजह से उसने राजस्थान छोड़कर मध्यप्रदेश फरारी काटने पहुंचा। उसके एक प्रतिद्वंदी से जब उसकी जानकारी जुटाई गई तो तस्कर पकड़ा गया।

आईजी विकास कुमार ने बताया- आरोपी को जब यह अंदाजा हो गया तो राजस्थान की एएनटीएफ उसका पीछा नही छोड़ेगी, तो वह राजस्थान छोड़कर मध्यप्रदेश पहुंच गया। वहां अपनी पहचान छिपाकर फरारी काटने लगा। पुलिस ने बचने के लिए आरोपी ने अपना ठिकाना और काम दोनों बदल दिया।

टीम ने विशनाराम के एक प्रतिद्वंदी को साथ मिलाया। इसी दौरान विशनाराम ने जोधपुर से फर्नीचर के कारीगर भी बुलाए। पुलिस इन कारीगरों की जानकारी

जुटाकर उन पर निगरानी रखी। ट्रैक करते हुए टीम मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के पिपलियामंडी थाने के उमरिया गांव पहुंची। एएनटीएफ की टीम जब आरोपी के ठिकाने तक पहुंची। आरोपी विशनाराम अपने तस्कर दोस्त के चाचा के मकान पर अपने दोस्त व कारीगरों के साथ मिलकर पार्टी कर रहा था। इस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी विशनाराम पुत्र मदाराम निवासी कुड़ला पुलिस थाना रीको बाड़मेर को दबोचा।

आरोपी विशनाराम 12वीं क्लास में पढ़ता था। पाइपलाइन कंपनी में ड्राइविंग का काम करने लगा। इस काम में मोटी कमाई नहीं के कारण सपने और शौक पूरे नहीं कर पा रहा था। आरोपी विशनाराम ने अपने दादा की नशे की दुनिया में डूबा देखकर दादा काफी पैसे खर्च कर नशे का थोड़ा सा सामान ही लाते थे। दादा का महंगा नशा देखकर उसने सोचा की स्वयं की इस धंधे में उतर जाउं और मोटी कमाई करूं। आरोपी का मजदूरी के दोरान उसका संपर्क एक तस्कर से हुआ। मध्यप्रदेश से डोडा-पोस्त खरीदकर मारवाड़ में उच्चे दाम पर सप्लाई करता था। आरोपी खलासी के रूप उसके साथ जाने लगा उसे अच्छी कमाई होनी लगी।

12 साल में डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज

आरोपी विशनाराम ने 12 सालों में लगातार अवैध मादक-पदार्थ तस्करी की। इससे उसके राजस्थान के जिलों में विभिन्न मामले दर्ज होना सामने आया है। इनामी आरोपी विशनाराम ने पहले आसपास के तस्करों के माध्यम से डोडा-पोस्त खरीदता था। बाद में उसका संपर्क एमपी और हरियाणा के राज्यों के तस्करों से हो गया। वहां से तस्कर लाकर मारवाड़ इलाके में बड़ी मात्रा में सप्लाई करने लगा। राजस्थान समेत मध्यप्रदेश में तस्करी का बड़ा सरगना बन गया। आरोपी का क्राइम रिकॉर्ड खंगालने पर मादक-पदार्थ तस्करी तक लिमिट नहीं रही है।

पेयजल-संकट व गिरदावरी में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

बोले- पाइपलाइन से अवैध कनेक्शन हटाए और निष्पक्ष जांच करें; कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

थिंक राजस्थान • पाली

रोहट क्षेत्र के पांचपदरिया गांव के ग्रामीण मंगलवार को विधायक भीमराज भाटी के नेतृत्व में पाली कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी को ज्ञापन सौंपकर गांव में पेयजल संकट और कृषि भूमि की गिरदावरी में कथित अनियमितताओं की शिकायत की। ग्रामीणों ने दोनों मामलों में निष्पक्ष जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि विधायक कोटे से पांचपदरिया गांव के लिए बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन से बीच में सिराणा और रेवड़ा खुर्द गांवों में भी जलापूर्ति जोड़ दी गई है। उनका कहना है कि इसके कारण पांचपदरिया तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है और ग्रामीणों को रुपए खर्च कर टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पहले वायद स्थित टंकी से पांचपदरिया तक अलग पाइपलाइन के जरिए सीधे गांव में

पेयजल की आपूर्ति की जाती थी। यह पाइपलाइन विशेष रूप से पांचपदरिया के लिए डाली गई थी। बाद में बीच में पड़ने वाले सिराणा और रेवड़ा खुर्द गांवों में जलापूर्ति जोड़ दिए जाने से पांचपदरिया की पानी की आपूर्ति प्रभावित हो गई। ग्रामीणों ने मांग की कि यदि सिराणा और रेवड़ा खुर्द गांवों में पेयजल उपलब्ध कराना है तो उनके लिए अलग पाइपलाइन की व्यवस्था की जाए। साथ ही पांचपदरिया की पाइपलाइन से किए गए कनेक्शन हटाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पेयजल का अन्य पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।

जल जीवन मिशन के कनेक्शनों पर भी सवाल

ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत गांव में डाली गई पाइपलाइन और जारी किए गए कनेक्शनों को लेकर भी शिकायत की। उनका आरोप है कि कई क्षेत्रों में अभी तक कनेक्शन पूरे नहीं किए गए हैं और कुछ स्थानों पर नल भी नहीं लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके पर जांच करवाकर स्थिति स्पष्ट करने और गांव की पेयजल व्यवस्था को सुचारू करने की मांग की। ग्रामीणों ने कृषि भूमि की गिरदावरी को लेकर भी शिकायत की। उनके अनुसार, इस वर्ष अकाल की स्थिति के कारण किसानों की फसल खराब हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्धारित समय पर पटवारी ने मौके पर गिरदावरी नहीं की और अब खेतों में मवेशियों के चारा चरने के बाद गिरदावरी की जा रही है।

फसल खराबे के मुआवजे के लिए होगी परेशानी

ग्रामीणों का आरोप है कि कई खेतों में फसल खराब होने के बावजूद रिकॉर्ड में 'पड़त' का इंद्राज किया जा रहा है। उनका कहना है कि इससे किसानों को फसल खराबे का मुआवजा मिलने में परेशानी हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की कि गिरदावरी वास्तविक स्थिति के आधार पर और किसानों की मौजूदगी में करवाई जाए, ताकि फसल खराबे का सही आकलन हो सके और पात्र किसानों को उनके हक का लाभ मिल सके ग्रामीणों ने प्रशासन से दोनों मामलों की तत्काल निष्पक्ष जांच करवाने, पांचपदरिया में पेयजल आपूर्ति सुचारू करने और फसल खराबे की वास्तविक गिरदावरी करवाने की मांग की।

अहमदाबाद गया था परिवार, घर में घुसे बदमाश

4.5 तोला सोना, 360 ग्राम चांदी और 80 हजार कैश पार

थिंक राजस्थान • सिरोही

सिरोही के अरावली होम्स में एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवर और नकदी चुरा ली। चोर सोने के जेवर, चांदी के सिक्के और 80 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। पीड़ित पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कोतवाली पुलिस में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को वह अहमदाबाद गए हुए थे। उनके पीछे से चोरों ने घर का ताला तोड़ा और एक दरवाजे का लॉक काटकर अंदर घुस गए।

चोरों ने घर में रखा सारा सामान बिखेर दिया। जांच करने पर पता चला कि सोने का एक हैंड ब्रेसलेट, एक चेन, 4 अंगूठी और 5 फिनी समेत कुल 4.50 तोले सोने के जेवर चोरी हुए हैं। इसके अलावा, 360 ग्राम चांदी के सिक्के और पायल के साथ 80 हजार रुपए नकद भी चुराए गए। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोटा में सिटी बस की टक्कर से युवक की मौत, मुआवजे और नौकरी की मांग पर अड़े परिजन

थिंक राजस्थान • कोटा

कोटा के भीमगंजमंडी थाना क्षेत्र में सिटी बस और बाइक की टक्कर में 26 साल के युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद युवक काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। रास्ते से गुजर रहे युवक ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसा सोमवार शाम रंगपुर पुलिया पर नगर निगम द्वारा चलाई जा रही सिटी बस से हुआ। मृतक की पहचान नंदाजी बाड़ी, खेड़ली फाटक निवासी धीरज कुमार वर्मा के रूप में हुई है। मृतक के पिता हरलाल ने बताया कि वह कारीगरी का काम करता था। सोमवार को वह रोटेदा रोड से काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। शाम करीब 4 बजे रंगपुर पुलिया पर सामने से आ रही बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में धीरज के सिर में गंभीर चोट लगी।

एक राहगीर ने धीरज को ऑटो की मदद से एमबीएस अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक धीरज

की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को मोर्च्युरी में रखवाया। पिता ने कहा कि बस ड्राइवर की लापरवाही से हादसा हुआ। परिजनों की मांग है कि नगर निगम की ओर से परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। पिता ने कहा कि मांगें पूरी होने के बाद ही वे पोस्टमॉर्टम करवाने के लिए सहमत होंगे। भीमगंजमंडी थाने में बस ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थानाधिकारी रामविलास मीणा ने बताया कि सोमवार शाम बस की बाइक से टक्कर में युवक की मौत हुई है। परिजन फिलहाल पोस्टमॉर्टम करवाने से मना कर रहे हैं। उनकी मांगों को लेकर निगम अधिकारियों और ठेकेदार से बातचीत चल रही है। बातचीत के बाद आगे की कार्रवाई को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

बीटेक स्टूडेंट की हत्या: पहले लाठी और डंडों से पीटा, फिर चाकू मारा

रंजिश को लेकर हमला, कोटा के अनंतपुरा की घटना

थिंक राजस्थान • कोटा

कोटा में आपसी रंजिश में बीटेक स्टूडेंट की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने पहले स्टूडेंट को लाठी-डंडों से जमकर पीटा, फिर चाकू से वार किया। घटना सोमवार रात साढ़े 8 बजे अनंतपुरा थाना इलाके में कान्हा मैरिज गार्डन के सामने सोमवार रात 8:30 बजे की है। हमलावर स्टूडेंट के परिचित थे। दोनों पक्षों के बीच मार्च में किसी बात पर विवाद हुआ था। इसका बदला लेने के लिए आरोपियों ने स्टूडेंट का मर्डर कर दिया। स्टूडेंट के पिता की रिपोर्ट पर अनंतपुरा थाना में हत्या का मामला दर्ज किया है। थाना अधिकारी महेश कारवाल ने बताया- आरोपियों की पहचान कर ली है, जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

मार्च में हुआ था विवाद

थाना अधिकारी महेश कारवाल ने बताया- भुवनेश नागर (19) निवासी शीला चौधरी रोड को कान्हा मैरिज गार्डन के सामने चाकू मारा गया था। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे घायल हालत में हॉस्पिटल लेकर गए, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोटा मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। मामले में मुख्य आरोपी राहुल कुमार और उसके 4 साथी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

थाना अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा सामने आया है। मुख्य आरोपी राहुल कुमार ने एक मार्च को भुवनेश और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट व चाकूबाजी का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से दोनों पक्षों में रंजिश थी।

इकलौता बेटा था भुवनेश

भुवनेश के पिता संजीव नागर किसान हैं। उन्होंने बताया कि भुवनेश इकलौता बेटा था। वह मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT), कोटा में बीटेक फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था। वह सोमवार रात को बाइक पर दोस्त से मिलने जा रहा था। रास्ते में उस पर हमला किया गया।

कार पर लिखा- यह गधा मैंने 12-लाख में खरीदा: EV खराब होने से परेशान AAO परिवार संग धरने पर बैठे; कंपनी से समझौता हुआ

थिंक राजस्थान • अलवर

अलवर जिले के रैणी SDM ऑफिस के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी (AAO) परिवार के साथ टाटा के शोरूम में धरने पर बैठ गए। उन्होंने ने अपनी कार पर लिखा- टाटा की कार खरीदने से बढ़िया है गधा खरीद लेना, वजन तौलने के तो काम आएगा। टाटा क्लासिक मोटर्स अलवर से ये गधा मैंने 12 लाख में लिया है।" करीब डेढ़ बजे कंपनी के कर्मचारियों ने दीपक से बातचीत की। इसके बाद कंपनी ने उनकी कार वापस ले ली और 12 लाख रुपए वापस कर दिए। समझौता होने के बा AAO दीपक ने धरना समाप्त कर दिया।

मामला मंगलवार का हनुमान चौराहा स्थित टाटा मोटर्स शोरूम का है। AAO दीपक ने कहा- जब

से गाड़ी खरीदी है तब से कभी बैटरी खराब तो कभी एसी में समस्या आ रही थी। मैंने कई बार शोरूम में शिकायत की, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। दीपक ने बताया कि उन्होंने 17 सितंबर 2023 में टाटा क्लासिक मोटर्स शोरूम से 12 लाख रुपए में टाटा टियागो कार खरीदी थी, जिसे खरीदने के बाद से ही लगातार अलग-अलग तरह की खामियां आती रहीं। करीब तीन साल से कार को लेकर परेशान दीपक मंगलवार सुबह 9 बजे परिवार के साथ शोरूम पहुंच गए

और कार खड़ी कर धरने पर बैठ गए। उन्होंने कंपनी के अधिकारियों से कार में आई खराबियों का जवाब मांगा और समाधान की मांग की।

कंपनी ने पूरे पैसे लौटाए

करीब साढ़े चार घंटे बाद दोपहर डेढ़ बजे कंपनी के कर्मचारियों ने दीपक से बातचीत की। कंपनी ने उनकी कार वापस ले ली और 12 लाख रुपए की पूरी रकम वापस कर दी। पैसे मिलने के बाद दीपक ने धरना समाप्त कर दिया।

बहू पर सास-ससुर ने किया लाठी-फरसे से हमला: बचाने आए बेटे को भी पीटा

महिला की हालत गंभीर; जिला अस्पताल रेफर

थिंक राजस्थान • अलवर

भिवाड़ी के चौपानकी थाना क्षेत्र के कारण्डी गांव में घरेलू विवाद में ससुराल पक्ष के लोगों ने बहू और बेटे पर लाठी-बल्ली और फरसे से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में महिला लहूलुहान होकर अचेत हो गई, जबकि बीच-बचाव करने आया उसका पति भी घायल हो गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद अलवर के राजीव गांधी सामान्य अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, कारण्डी निवासी शोयब की पत्नी सहरूना की उसकी सास जमीला

से किसी घरेलू बात को लेकर बहस हो गई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आई सास ने परिवार के अन्य सदस्यों को बुला लिया।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सास जमीला, देवर हयात, जेठ आरिफ, उसका बेटा मोईन, बड़ी बहू वजीफा और रिजवान ने मिलकर सहरूना को घेर लिया। इसके बाद आरोपियों ने उस पर बल्ली और धारदार हथियार से वार कर दिए। आरोप है कि हमले के दौरान आरोपियों ने महिला के साथ बदसलूकी और जबरदस्ती भी की। जब सहरूना का पति शोयब अपनी पत्नी की चीख-पुकार सुनकर उसे बचाने दौड़ा, तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से घायलों को संभाला गया।

एक्ट्रेस नोरा फतेही फिर आईं जयपुर, रॉयल्स' की शूटिंग कर रहीं: सेलिना जेटली ने फैंस को दिए गिफ्ट

थिंक राजस्थान • जयपुर

अभिनेत्री नोरा फतेही सोमवार को जयपुर पहुंचीं। वे नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'द रॉयल्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग के लिए यहां आई हैं। सीरीज में नोरा एक बार फिर आयशा धोंडी के किरदार में नजर आएंगी। राजस्थान में सीरीज के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू होने की पुष्टि सितंबर में ही हो गई थी और नोरा भी अपने किरदार में वापसी कर चुकी हैं। सोमवार को ही एक्ट्रेस सेलिना जेटली भी एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई। दोनों ही एक्ट्रेस ने फैंस के साथ फोटो क्लिक करवाए। नोरा इससे पहले भी जयपुर में सीरीज के दूसरे सीजन के शूटिंग शेड्यूल का हिस्सा रह चुकी हैं। शूटिंग के बीच कुछ समय के लिए वे मुंबई वापस गई थीं, जहां उनके अन्य कार्यक्रम और व्यस्तताएं थी, अब दोबारा जयपुर लौटने के साथ उन्होंने सीरीज के अगले शूटिंग शेड्यूल में हिस्सा लेना शुरू कर दिया है। एयरपोर्ट पर नोरा काफी उत्साहित नजर आईं और उन्होंने प्रशंसकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

'द रॉयल्स' के दूसरे सीजन की कहानी का बड़ा हिस्सा राजस्थान की रॉयल विरासत और खूबसूरत लोकेशन्स के बीच फिल्माया जा रहा है। जयपुर की कई हेरिटेज लोकेशन्स पर शूटिंग चल रही है। इसके साथ ही राजस्थान के मंडावा में भी सीरीज के कुछ हिस्सों की शूटिंग की जा रही है। सीरीज में ईशान खट्टर मुख्य भूमिका में हैं और वे राजघराने के उत्तराधिकारी के किरदार में नजर आ रहे हैं। दूसरे सीजन की शूटिंग राजस्थान में सितंबर से शुरू हुई थी। पहले सीजन में नोरा ने आयशा धोंडी का किरदार निभाया था। अब दूसरे सीजन में उनकी वापसी दर्शकों के लिए खास है। सीरीज के नए सीजन में कलाकारों की कास्टिंग में भी बदलाव हुआ है और नए चेहरे जोड़े गए हैं।

मिस इंडिया से बॉलीवुड तक पहुंचीं सेलिना: सेलिना जेटली ने वर्ष 2001 में फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब जीता था। उसी साल उन्होंने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया और चौथे रनर-अप का स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने मॉडलिंग और विज्ञापन जगत में काम किया और बॉलीवुड का रुख किया। 2003 में फिरोज खान की फिल्म 'जानशीं' से सेलिना ने अभिनय की शुरुआत की थी।

'दिलबर' से बनीं देशभर में पहचान

नोरा फतेही ने हिंदी सिनेमा में अपनी पहचान मुख्य रूप से डांस परफॉर्मेंस से बनाई। हालांकि उन्होंने फिल्मों में अभिनय भी किया, लेकिन उनके डांस नंबरों ने उन्हें देशभर में अलग पहचान दिलाई। 'दिलबर', 'कमरिया', 'ओ साकी साकी', 'गर्मी' और 'कुसु कुसु' जैसे गानों में उनके डांस को काफी लोकप्रियता मिली। इसके बाद नोरा ने फिल्मों में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। 'स्ट्रीट डांसर 3डी', 'भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया', 'थैंक गॉड', 'मडगांव एक्सप्रेस' और 'क्रैक' जैसी फिल्मों में वे नजर आईं। इधर जयपुर एयरपोर्ट पर अभिनेत्री और पूर्व मिस इंडिया सेलिना जेटली भी प्रशंसकों के साथ खास अंदाज में नजर आईं। एयरपोर्ट पर मौजूद फैंस ने जब सेलिना को देखा तो उनके साथ तस्वीर लेने की इच्छा जताई। सेलिना ने भी फैंस को निराश नहीं किया। उन्होंने प्रशंसकों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं और उन्हें गिफ्ट भी दिए। सेलिना जयपुर में जेईसीसी में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची हैं। एयरपोर्ट पर उनका प्रशंसकों के साथ सहज अंदाज चर्चा में रहा।

ब्रीफ न्यूज

आमेर महल में 12 दिन के लिए हाथी सवारी बंद: महल खुला रहेगा

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर के आमेर महल परिसर में हाथी सवारी पर रोक लगा दी गई है। नवरात्र के दौरान शिलामाता मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने और जलेब चौक सहित आमेर महल परिसर में मेले की व्यवस्थाओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। राजकीय संग्रहालय एवं महल आमेर के अधीक्षक के जारी आदेश के अनुसार 10 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2026 तक हाथी सवारी का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। राजकीय संग्रहालय एवं महल आमेर अधीक्षक राकेश छोलक की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट है कि 10 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक हाथी सवारी का संचालन पूर्णतः बंद रहेगा। यानी नवरात्र मेले की अवधि में आमेर आने वाले पर्यटकों को हाथी सवारी की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। आमेर महल में हाथी सवारी टूरिस्ट के आकर्षण का प्रमुख हिस्सा रही है। आमतौर पर बड़ी संख्या में पर्यटक हाथी पर सवार होकर आमेर महल तक पहुंचने के अनुभव का आनंद लेते हैं। आमेर महल परिसर स्थित शिलामाता मंदिर में शारदीय नवरात्र के दौरान विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं। जलेब चौक और आमेर महल परिसर में भी इस दौरान भक्तों और टूरिस्टों की आवाजाही बढ़ जाती है।

पंचायत चुनाव: पहले तीन चरण में होने वाली वोटिंग अब एक दिन पहले होगी

थिंक राजस्थान • जयपुर

राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर जयपुर समेत प्रदेश के तमाम जिलों में हो रहे पंचायत चुनावों की वोटिंग शेड्यूल में बदलाव किया है। धनतेरस पर्व को देखते हुए वोटिंग शेड्यूल में बदलाव कर पहले निर्धारित तारीख से एक दिन पहले वोटिंग करवाने का फैसला किया है। तीन फेज तक के चुनाव में ये बदलाव किया गया है, जबकि चौथे फेज का चुनाव निर्धारित समय पर ही होगा। राज्य निर्वाचन आयोग से जारी नए शेड्यूल के मुताबिक पहले फेज की जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए वोटिंग अब 23 अक्टूबर के बजाए 22 अक्टूबर को होगी, जबकि वार्ड पंच और सरपंच के लिए वोटिंग 25 अक्टूबर के बजाए 24 अक्टूबर को करवाई जाएगी। इसी तरह दूसरे फेज की जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए वोटिंग 29 अक्टूबर के बजाए 28 अक्टूबर को होगी, जबकि वार्ड पंच और सरपंच के लिए वोटिंग 31 अक्टूबर के बजाए 30 अक्टूबर को करवाई जाएगी। इसी तरह तीसरे फेज की जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए वोटिंग 4 नवंबर के बजाए 3 नवंबर को होगी, जबकि वार्ड पंच और सरपंच के लिए वोटिंग 6 नवंबर के बजाए 5 नवंबर को करवाई जाएगी।

झुंझुनूं: 22 राशन की दुकानें खुलेंगी: 7 दुकानें महिलाओं के लिए आरक्षित

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

झुंझुनूं जिले में राशन की दुकान लेने के इच्छुक लोगों के लिए मौका आया है। जिला रसद विभाग ने 8 तहसीलों में 22 उचित मूल्य दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इनमें 7 दुकानें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। आवेदन की अंतिम तारीख 22 अक्टूबर 2026 शाम 5 बजे तय की गई है। सबसे ज्यादा 6 दुकानें बुहाना तहसील में हैं। इसके बाद चिड़ावा और खेतड़ी में 4-4, उदयपुरवाटी और नवलगढ़ में 2-2 तथा मलसीसर, मंडावा और झुंझुनूं में 1-1 दुकान के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

राजस्थान पुलिस के साइबर क्राइम विंग R4C ने सावधानी रखने के लिए जारी की एडवाइजरी

शादी का कार्ड भेज मोबाइल हैक कर रहे साइबर ठग: APK फाइल से डाटा चुरा रहे

थिंक राजस्थान • जयपुर

ऑनलाइन वेडिंग कार्ड के नाम पर साइबर ठगी करने के मामने सामने आ रहे है। व्हाट्सएप और सोशल मीडिया पर शादी का कार्ड, होटल वेन्यू या प्री-वेडिंग फोटो-वीडियो देखने के नाम पर संदिग्ध APK फाइल और फिशिंग लिंक भेजे जा रहे हैं। राजस्थान पुलिस के साइबर क्राइम विंग R4C ने आमजन को इस तरीके के साइबर फ्रॉड को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी कर सतर्क किया है।

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एडीजी साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि साइबर ठग व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी शादी के निमंत्रण, होटल का पता, वेडिंग कार्ड या प्री-वेडिंग फोटो-वीडियो के नाम पर संदिग्ध फाइल या लिंक भेज सकते हैं। मैसेज में लिखा हो सकता है- "आपका हार्दिक स्वागत है, शादी का कार्ड और होटल का पता भेजा है" या "प्री-वेडिंग की फोटो और वीडियो हैं, जरूर देखना।" इसके साथ APK फाइल भेजकर उसे डाउनलोड और इंस्टॉल करने के लिए कहा जा सकता है।

फर्जी वेबसाइट के जरिए भी हो सकती है ठगी

साइबर ठग APK के बजाय फिशिंग लिंक भी भेज सकते हैं। यह लिंक शादी का निमंत्रण, होटल बुकिंग या वेडिंग कार्ड देखने के नाम पर बनाया जाता है। लिंक खोलने पर फर्जी वेबसाइट मोबाइल नंबर, बैंक खाते से जुड़ी जानकारी, पासवर्ड या अन्य संवेदनशील जानकारी दर्ज करने के लिए कह सकती है। कुछ मामलों में लिंक के जरिए संदिग्ध सॉफ्टवेयर डाउनलोड कराने का भी प्रयास किया जा सकता है। साइबर ठग किसी परिचित का व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर उसके नंबर से भी ऐसा मैसेज भेज सकते हैं। उदाहरण के लिए- "भाई, शादी का कार्ड भेजा है, देखकर बताओ वेन्यू सही है या नहीं?" परिचित के नंबर से संदेश आने के कारण लोग अक्सर बिना सत्यापन किए लिंक या फाइल खोल देते हैं। इसके बाद साइबर अपराधी मोबाइल में मौजूद फोटो, कॉन्टैक्ट, पासवर्ड, SMS और अन्य संवेदनशील जानकारी तक पहुंच बनाने का प्रयास कर सकते हैं। संक्रमित मोबाइल के संपर्कों को भी इसी तरह के संदिग्ध मैसेज भेजकर ठगी का दायरा बढ़ाया जा सकता है।

बैंक घोटाले में 8 साल से फरार दंपती गिरफ्तार: फर्जी दस्तावेज से करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर की माणक चौक थाना पुलिस ने बैंक घोटाले में 8 साल से फरार चल रहे 2 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 10-10 हजार का इनाम था। पुलिस ने तकनीकी सूचना और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों के ठिकानों की पहचान कर दबिश दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रकाश भारद्वाज (54) और निशा भारद्वाज (48) निवासी प्रतापनगर, सांगानेर के रूप में हुई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से अब बैंक घोटाले में उनकी भूमिका और अन्य आरोपियों से संबंधों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी नॉर्थ करण शर्मा ने बताया कि आरोपियों पर 2018 में माणक चौक थाना क्षेत्र स्थित राजस्थान मरुधरा ग्रामीण सहकारी बैंक लिमिटेड, जयपुर में हुए बैक घोटाले और आपराधिक षडयंत्र का केस दर्ज था। मामले में बैंक के पूर्व अध्यक्ष, तत्कालीन पदाधिकारी, कर्मचारी, ऋणी, गारंटर, वैल्यूअर और अधिवक्ताओं सहित 59 आरोपियों को नामजद किया गया था।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने आपस में मिलीभगत कर आपराधिक षड्यंत्र रचा। आरोप है कि संपत्तियों के पट्टे और विवादित/जमा संपत्तियों के डॉक्यूमेंट बैंक में गिरवी रखकर नियमों के विपरीत करीब 13 ऋण खाते स्वीकृत करवाए गए। इसके बाद बैंक की करोड़ों रुपए की राशि हड़प कर बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। इस मामले में उप रजिस्ट्रार, सहकारिता समितियां, जयपुर (शहर) की ओर से कराई गई जांच में घोटाला सामने आने के बाद बैंक के अधिकृत ऋण प्रभारी सदस्य ने माणक चौक थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी थी। इसके आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनका इस्तेमाल करने और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में मामला दर्ज किया था।

ठिकाने बदल रहे थे आरोपी

मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए माणक चौक थाना पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। टीम ने टेक्निकर इंटेलिजेंस और मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपियों के संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों आरोपी लगातार अपने निवास और ठिकाने बदल रहे थे और पुलिस से बचने का प्रयास कर रहे थे। टीम ने उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए सही लोकेशन चिन्हित की और दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

बीकानेर निगम: भाजपा पार्षद ने जमीन पर सिर मारा, कपड़े फाड़े

कचरा नहीं उठाने पर कमिश्नर को सुनाई खरी-खोटी

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर नगर निगम में मंगलवार को कमिश्नर सिद्धार्थ पलानीचामी के सामने भाजपा पार्षद श्याम सिंह हाडला ने सिर जमीन पर मार दिया और कपड़े फाड़ दिए। बिगड़ी सफाई व्यवस्था और कचरा नहीं उठाने से नाराज पार्षद ने कमिश्नर को खरी-खोटी सुनाई। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने पार्षद को बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार- बीकानेर नगर निगम की हूपर (कचरा गाड़ी) घरों से कचरा नहीं उठा रही है।ड्राइवरों को फोन करने पर वो बात नहीं करते। इसके कारण पार्षदों को लोगों की खरी-खोटी सुननी पड़ती है। इसी बात से परेशान होकर वार्ड 37 से BJP के पार्षद श्याम सिंह हाडला दोपहर 1 बजे कमिश्नर के पास पहुंचे।

चेंबर में कमिश्नर और पार्षद में बीच बातचीत हुई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो श्याम सिंह गुस्सा हो गए। अचानक बैठकर उन्होंने अपना सिर जमीन पर दे मारा। इसके बाद वहां मौजूद सीआई प्रदीप चारण ने श्याम सिंह को उठाया और कमिश्नर के चेंबर से बाहर ले गए। इससे पहले नगर निगम के हॉल में भी कमिश्नर और हाडला आमने-सामने आ गए थे। यहां भी गुस्साए श्याम सिंह ने अपनी शर्ट फाड़ ली थी। श्याम सिंह हाडला ने कहा- पुराने टेंडर को खत्म कर दिया, नया भी ढंग से नहीं किया। अधिकारियों की लापरवाही से अब तक मोहल्ले में कचरे वाली गाड़ी नहीं आ रही है। कुछ अधिकारी इस टेंडर में लिप्त है। इसलिए गुस्सा आ गया। लोग पार्षदों पर नाराज हो रहे हैं, ऐसे में अधिकारियों के सामने सिर फोड़ने का ही विकल्प है। मुख्यमंत्री की मंशा के मुताबिक अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं।

जोधपुर मेयर बोले- धार्मिक कार्यक्रमों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

मेयर प्रसन्नचंद मेहता ने दशहरा मेले को लेकर अफसरों की बैठक ली

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर नगर निगम मेयर प्रसन्नचंद मेहता ने कहा-शहर में किसी भी धार्मिक कार्यक्रम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। दशहरा से पहले शहर में सफाई अभियान चलेगा। इसमें संबंधित अधिकारी और कर्मचारी लापरवाही करता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरसअल, मंगलवार को मेयर प्रसन्नचंद मेहता ने दशहरा मेले को लेकर मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में बैठक ली। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त राहुल जैन समेत निगम के अधिकारी, पार्षद, जनप्रतिनिधि और विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि दशहरा मेले से पहले सभी अधिकारी फील्ड विजिट करें। इसके साथ ही उन्होंने दशहरा मेले से पहले शहर में विशेष सफाई अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान मेयर प्रसन्नचंद मेहता ने कहा- दशहरे से पहले नगर निगम के अधिकारी मेला आयोजन समिति के सदस्यों के साथ रूट विजिट करेंगे।

इस दौरान वे संबंधित समिति के सदस्यों के साथ चर्चा भी करेंगे। इस दौरान जो भी शिकायत मिलती है या फिर कमियां मिलती हैं, उन्हें सुधारा जाएगा। व्यायाम शालाओं को खाता खुलवाना आवश्यक होगा अगली बार चैक से भुगतान किया जाएगा। नए व्यायामशालाओं को भी निगम से जोड़ा जाए। बैठक में उपायुक्त ललित सिंह, कार्यालय अधीक्षक उत्तर सलामतुल्ला खान और कार्यालय अधीक्षक सुबोधशंकर व्यास सहित अन्य अधिकारीगण, एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे । नगर निगम आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि मेहरानगढ़ फोर्ट से राम दरबार की पूजा अर्चना के बाद रथ रवाना होगा। यह रथ फतेहपोल से रवाना होते हुए नवचौकिया, आड़ा बाजार, खंडा फलसा, जालोरी गेट होता हुआ रामलीला मैदान पहुंचेगा । सभी अखाड़े फतेह पोल पहुंचेंगे और वहां से राम रथ के आगे सभी अखाड़ा दल साथ चलेंगे। मेयर ने इस दौरान सभी अखाड़ा दलों के प्रमुखों को तय समय पर पहुंचने की बात कही। नगर निगम आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या पर नगर निगम की ओर से राम सवारी के पूरे रूट की सफाई कर धुलाई की जाएगी। साथ ही आकर्षक रंगोलियां से पूरे मार्ग को सजाया जाएगा। इसमें शामिल होने वाले अखाड़ों का भी सम्मान किया जाएगा। बैठक के दौरान पार्षदों ने भी सुझाव दिए। पार्षद दैया ने मेले के दौरान फतेहपोल पर अस्थाई शौचालय की व्यवस्था करने की बात कही। वहीं लता व्यास ने मंदिरों की सजावट का भी प्रस्ताव रखा। पार्षद गणपत सिंह चौहान ने व्यायाम दलों का मानदेय बढ़ाने की मांग की।

आश्रम-4 में नजर आएंगे एक्टर जगत सिंह सोलंकी, जयपुर पहुंचे

थिंक राजस्थान • जयपुर

पिछले कई दिनों से चर्चित वेब सीरीज 'आश्रम-4' की जयपुर में शूटिंग चल रही है, इसी सिलसिले में एक्टर जगत सिंह सोलंकी सोमवार देर रात जयपुर पहुंचे। जगत सिंह आश्रम-4 में नजर आएंगे। जयपुर पहुंचने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में सीरीज से जुड़ने की खुशी जाहिर की और डायरेक्टर प्रकाश झा के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद किया। जगत सिंह ने कहा कि 'आश्रम' का यह सीजन कहानी के लिहाज से काफी अलग होने वाला है। इस बार की कहानी बिल्कुल हटकर है और दर्शकों को पसंद आएगी। उन्होंने कहा- इस लोकप्रिय सीरीज का हिस्सा बनना मेरे लिए खास अनुभव है। जगत सिंह सोलंकी का जयपुर में यह दूसरा शूटिंग शेड्यूल है। इससे पहले वे शहर में कूकस स्थित शंकरा कॉलेज, शिव विलास सहित कई लोकेशन्स पर 'आश्रम 4' के लिए शूटिंग कर चुके हैं। अब अगले चरण में वे बॉबी देओल के साथ दौसा में शूटिंग करते नजर आएंगे। जयपुर और आसपास के इलाकों में 'आश्रम 4' की शूटिंग पिछले कुछ समय से चल रही है। सीरीज के लिए कूकस, आमेर और शहर की अन्य लोकेशन्स को कहानी के अनुरूप तैयार किया गया है। इससे पहले बॉबी देओल, चंदन रॉय सान्याल और त्रिधा चौधरी सहित कई कलाकार अलग-अलग लोकेशन्स पर शूटिंग करते नजर आ चुके हैं। कूकस स्थित शिव विलास को भी सीरीज के लिए आश्रम के सेट के रूप में तैयार किया गया है, जबकि आमेर क्षेत्र के खोरा बीसल गांव और सागर लेक के आसपास भी शूटिंग की जा चुकी है।

'आश्रम' का हिस्सा बनने पर बोले- बेहद खुशी है

मीडिया से बातचीत में जगत सिंह सोलंकी ने कहा कि प्रकाश झा के साथ काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। वह बेहद जीनियस हैं। सोलंकी ने कहा कि ये मेरा दूसरा शेड्यूल है और इस बार की कहानी बिल्कुल हटकर है। लोगों को पसंद आएगी। 'आश्रम 4' का निर्देशन एक बार फिर प्रकाश झा कर रहे हैं और बॉबी देओल बाबा निराला के किरदार में वापसी कर रहे हैं।

प्रकाश झा के साथ लंबे समय से जुड़े हैं जगत

जगत सिंह सोलंकी का फिल्मी करियर करीब दो दशक पुराना है। उन्होंने वर्ष 2004 में 'वज्र-द वेपन' से फिल्मी सफर की शुरुआत की थी। इसके बाद वे 'खूब मिलाई जोड़ी', 'हो जाता है प्यार' और 'कॉलेज कैंपस' जैसी फिल्मों में नजर आए। इसके बाद जगत सिंह को प्रकाश झा की फिल्मों में लगातार काम करने का मौका मिला। वर्ष 2010 में आई प्रकाश झा की चर्चित राजनीतिक ड्रामा फिल्म 'राजनीति' में वे नजर आए। इसके बाद 2012 में 'चक्रव्यूह' और 2013 में 'सत्याग्रह' में भी उन्होंने अभिनय किया। वर्ष 2016 में आई 'जय गंगाजल' में उन्होंने अमरीक तिवारी का किरदार निभाया था। जगत सिंह के करियर की चर्चित फिल्मों में अलंकृता श्रीवास्तव निर्देशित 'लिपस्टिक अंडर माय बुर्का' भी शामिल है। इस फिल्म का निर्माण प्रकाश झा ने किया था।



जोधपुर पुलिस ने नशा सप्लाई करने वाले तस्कर को पकड़ा

4 अलग-अलग मामलों में फरार था, 15 हजार का इनाम था घोषित

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी एनडीपीएस एक्ट के करीब 4 से 5 मामलों में वांछित था। एसपी पंकज यादव के निर्देशानुसार जिले में अपराधियों और तस्करों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन कालचक्र चलाया जा रहा है। इस ऑपरेश के तहत ही आरोपी को पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार- आरोपी सुरेश बिश्नोई पुत्र हड़मानाराम बिश्नोई, निवासी देवराजनगर खिंदाखोर, थाना ओसियां साल 2024 और 2025 में दर्ज अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई के मामलों फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। एएसपी रामेश्वरलाल मेघवाल और सीओ रतनसिंह के सुपरविजन में ओसियां थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई।

पंचायती राज चुनाव को लेकर गांवो में बिछने लगी चौसर: गांव की चौपाल से राजधानी तक के नेता होंगे तैयार

भाजपा का गांव में सॉलिड सर्वे, तो कांग्रेस का ऑनलाइन पैतरा

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

पंचायती राज चुनाव का बिगुल बजते ही जिले के ग्रामीण इलाको का सियासी पारा उफान पर है। चुनाव जीतने के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों ने प्रत्याशी चयन को लेकर अपनी अपनी रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। जहां एक ओर सत्तारूढ़ भाजपा सॉलिड सर्वे और नो-रिस्क पालिसी पर काम कर रही है, वही कॉंग्रेस इस बार क्यूआर कोड और ऑनलाइन फॉर्म के नए पैतरे के साथ मैंदान में उतरी है।

भाजपा हर हाल में भीतरघात व बगावत को रोकने के लिए केवल जमीनी सर्वे और बूथ रिपोर्ट के आधार पर सीधे जिताऊ चेहरों को सिंबल सौंपने की रणनीति बना रही है, वहीं कांग्रेस दावेदारों से उनके वार्ड के जातीय आंकड़ों का ब्यौरा, सोशल मीडिया पर पार्टी के लिए किया गया प्रचार और स्थानीय जन आधार का ठोस सबूत मांग रही है।

दोनों दलों के आला कमान ने जमीनी फीडबैक जुटाने के लिए प्रभारियों को मैदान में उतार दिया है हालांकि टिकटों की अंतिम मुहूर्त राजधानी जयपुर के दरबार से ही लगेगी। उधर टिकट की चाह रखने वाले दावेदार अब केवल गांव

की चौपाल तक सीमित नहीं है कोई शादी ब्याह और सामाजिक आयोजनों में पहुंचकर मतदाताओं को साध रहा, तो कोई सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता के आंकड़े जुटा कर जयपुर तक दिग्गजों के दरबार में हाजिरी बजा रहा है।



दूसरे चरण में होंगे चुनाव

विकास अधिकारी विक्रमसिंह राजपुरोहित के अनुसार बिलाड़ा ओर नव सृजित कापरड़ा पंचायत समिति में 23 ओक्टुबर से चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।इस दिन से मण्डल सदस्य, सरपंच उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत करने शुरू हो जाएंगे। बिलाड़ा विधानसभा क्षेत्र से आठ जिला परिषद सदस्य अपना भाग्य आजम सकेंगे, वहीं कापरड़ा पंचायत समिति के लिए 28 सरपंच, 15 मंडल सदस्य तथा बिलाड़ा पंचायत समिति में 24 सरपंच तथा 15 मंडल सदस्य के लिए मतदान होगा। मंडल सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य के लिए चुनाव लड़ने वालों की इन दोनों यहां कस्बे के विधायक जन संवाद केंद्र पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है। यहां दिन भर बीजेपी जिंदाबाद अर्जुन कर जिंदाबाद के नारे वातावरण में सुनाई देते हैं वहीं कांग्रेस के परसा बिश्नोई के यहां पर भी कांग्रेस से होने वाले उम्मीदवारों को देखा जा रहा है।

" सॉलिड सर्वे या नो रिस्क पॉलिसी के तहत प्रत्याशियों के चयन का कार्य किया जा रहा है। पूर्व में जो चूक रही उसे भी सुधारा जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का लगातार यहां क्षेत्र में सानिध्य मिल रहा है।
***-अर्जुनलाल गर्ग,** विधायक बिलाड़ा*

" पंचायत चुनाव में पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य पदों के दावेदारों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की मदद ली जा रही है। दावेदारों को पार्टी की आधिकारिक वेबसाइट या कयू आर कोड स्कैन करके ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्रभारी भी क्षेत्र में फीडबैक ले रहे हैं "
***-परसराम विश्नोई,** पीसीसी सदस्य*

ब्रीफ न्यूज

मालकोसनी के छात्र कुलदीप गिरी का राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में चयन

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालकोसनी के कक्षा 10वीं के प्रतिभावान छात्र कुलदीप गिरी का राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी के लिए चयन हुआ है। छात्र के चयन से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विज्ञान संगोष्ठी के गाइड प्रभारी महेंद्र पटेल ने बताया कि "भारतीय ऊर्जा परिदृश्य 2047 : संभावनाएं एवं चुनौतियां" विषय पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जोधपुर द्वारा खंड स्तर पर ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें जोधपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मालकोसनी विद्यालय के छात्र कुलदीप गिरी ने प्रभावी एवं उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण देते हुए राज्य स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। अब कुलदीप गिरी आगामी 8 अक्टूबर को हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, बीकानेर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में अपना प्रस्तुतीकरण देगा। संस्था प्रधान आईदानराम चौधरी ने बताया कि वर्तमान समय में स्कूली विद्यार्थियों के लिए विज्ञान संगोष्ठी एक प्रभावशाली एवं लोकप्रिय मंच है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक महत्व के समसामयिक वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी विषयों पर गंभीरता से चिंतन एवं विश्लेषण करने तथा अपने विचारों को अन्य विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिक समुदाय के साथ साझा करने का अवसर मिलता है। उन्होंने छात्र कुलदीप की उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोजेक्ट ऑफिसर नरेश कुमार, राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की नेशनल जूरी पूनम सिंह जाखड़, प्रीतम सिंह सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ साथियों ने छात्र कुलदीप को राज्य स्तर पर चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

धीरज गहलोत जोधपुर बॉडी बिल्डिंग संघ के कार्यवाहक कोषाध्यक्ष नियुक्त

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर बॉडी बिल्डिंग संघ के कोषाध्यक्ष स्व. विजय हंस के आकस्मिक निधन के बाद खेमे का कुआं स्थित मेलोडी रेस्टोरेंट में श्रद्धांजलि सभा एवं साधारण सभा का आयोजन किया गया। सभा में

जोधपुर बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष रफीक अंसारी, पूर्व नॉर्थ मिस्टर इंडिया अयूब खान, अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग कोच प्रदीप बारासा, आयोजन सचिव डॉ. इमरान, पुष्पेंद्र कांत हंस, अर्जुन घुस्सर सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभा में सभी सदस्यों की सहमति से जोधपुर बॉडी बिल्डिंग संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरज गहलोत को संघ का कार्यवाहक कोषाध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। धीरज गहलोत अगले आदेश तक कोषाध्यक्ष पद का दायित्व संभालते हुए अपनी सेवाएं देंगे। इस अवसर पर संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने धीरज गहलोत को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

बरना से तृतीय सोपान स्काउट प्रशिक्षण केंद्र के लिए स्काउट रवाना

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

जीजी माता पाल पतालियवास स्थित प्रशिक्षण केंद्र पर यह स्काउट लगातार 5 दिन शिविर जीवन जीना सीखेंगे। स्काउट मास्टर मुकेश आचार्य ने बताया कि शिविर जीवन के तहत प्रातः जागरण से रात्रि में कैंपफायर तक अलग-अलग कालांश में बीपी के छः व्यायाम, खेल, टेंट लगाना, चुल्हा बनाना, भोजन पकाना, अलग-अलग बर्तन स्टेंड बनाना, बिस्तर का ले आऊट तैयार करना, शिविर सज्जा करना, स्काउट नियम -प्रतिज्ञा का महत्व जीवन में उतारना, अपना कार्य स्वंय करना, समूह का नेतृत्व करना, सामाजिक मूल्यों को समझना एवं अपने जीवन में स्थापित करना इत्यादि दायित्व सीखेंगे। प्रधानाचार्य सतपाल सिंह राजपूरोहित ने बताया कि 6 अक्टूबर 2026 से 10 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले कैंप में स्काउट गैजेट बनाना, गांठें लगाना,रस्सी और लाठी से विभिन्न स्ट्रेचर बनाना, नक्शा तैयार करना, दिशा ढूंढना जैसे की क्षेत्रो में आत्मनिर्भर बनेंगे। कार्यालय अध्यक्ष अक्षय चौहान ने बताया कि कल्पेश, अर्जुन, रविन्द्र,नरपत और आकाश मीणा इस शिविर में भाग लेने रवाना हुए हैं।

कलक्टर ने राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल तृतीय चरण परियोजना का किया निरीक्षण

निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश, फलोदी जिले में परियोजना के विभिन्न निर्माण स्थलों का मौके पर किया अवलोकन

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर शहर की पेयजल आपूर्ति की दीर्घकालिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिला कलक्टर आलोक रंजन ने मंगलवार को राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल (आरजीएलसी) तृतीय चरण परियोजना के फलोदी जिले में स्थित विभिन्न निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना की प्रगति, जल उपलब्धता की सुनिश्चितता तथा आगामी समय में जोधपुर शहर सहित संबंधित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

जिला कलक्टर ने सर्वप्रथम इंदिरा गांधी नहर परियोजना की बुर्जी संख्या 1021 के समीप जल संसाधन विभाग द्वारा निर्माणाधीन लगभग 60 मीटर लंबे स्टील ब्रिज के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंदिरा गांधी नहर परियोजना के अधीक्षण अभियंता ने अवगत कराया कि स्टील ब्रिज का निर्माण कार्य आगामी 15 दिनों में पूर्ण

कर इसे पाइपलाइन बिछाने के लिए जलदाय विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। आरजीएलसी तृतीय चरण परियोजना के संवेदक एलएंडटी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि ब्रिज का निर्माण पूर्ण होने के पश्चात उस पर पाइपलाइन बिछाने में लगभग 30 दिन का समय लगेगा। जिला कलक्टर ने दोनों विभागों एवं संबंधित एजेंसी के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

1534 एमसीएफटी क्षमता के एस्केप रिजर्वायर का किया निरीक्षणः जिला कलक्टर ने परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन 1534 एमसीएफटी क्षमता के एस्केप रिजर्वायर तथा इसके समीप निर्माणाधीन पंप हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने रिजर्वायर की संरचना, निर्माण की प्रगति तथा पंपिंग व्यवस्था से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री नक्षत्र सिंह ने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा 18 अक्टूबर से एस्केप रिजर्वायर में प्रतिदिन 100 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। लगातार 100 क्यूसेक पानी की आवक बनी रहने

की स्थिति में रॉ वाटर पंप हाउस से दिसंबर माह तक पंपिंग प्रारंभ की जा सकेगी। जिला कलक्टर ने परियोजना से संबंधित सभी कार्यों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा जल उपलब्धता के अनुरूप पंपिंग व्यवस्था को निर्धारित समय में क्रियाशील करने के निर्देश दिए।

परियोजना के इंटेक एवं जल हस्तांतरण से जुड़े कार्यों की मौके पर समीक्षाः जिला कलक्टर ने इंदिरा गांधी नहर परियोजना की बुर्जी संख्या 1109 पर स्थित आरजीएलसी तृतीय चरण के ऑफटेक पॉइंट 0 आरडी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के इंटेक पॉइंट से संबंधित व्यवस्थाओं तथा जल हस्तांतरण की प्रक्रिया से जुड़े कार्यों की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक तकनीकी एवं संचालन संबंधी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पांच जिलों के 2167 गांवों को मिलेगा लाभ

आरजीएलसी तृतीय चरण परियोजना जोधपुर शहर सहित जोधपुर, फलोदी, बालोतरा, पाली एवं ब्यावर जिलों के 2167 गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना है। परियोजना का कार्य अंतिम चरण में है। इसके अंतर्गत मुख्य रूप से 2 एवं 1.8 मीटर व्यास की लगभग 216 किलोमीटर लंबी स्टील पाइपलाइन तथा चार पंप गृहों का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना के इंटेक पॉइंट पर 1534 एमसीएफटी क्षमता का एस्केप रिजर्वायर निर्मित किया गया है। इसके माध्यम से परियोजना के लिए आवश्यक जल उपलब्धता को सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। परियोजना के विभिन्न घटकों के निर्माण एवं प्रगतिरत कार्यों का मौके पर अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आगामी समय में पेयजल आपूर्ति की आवश्यकताओं के अनुरूप सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता नक्षत्र सिंह , अधीक्षण अभियंता अजय छंगाणी एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना के अधीक्षण अभियंता मनीष बिश्नोई सहित संबंधित अभियंता एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रकार के अपहरण व मारपीट मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

पत्रकार संघ बिलाड़ा ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, एफआईआर दर्ज होने के 20 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर जताई चिंता

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

निमाज निवासी मीडियाकर्मी प्रवीण लक्षकार के साथ 16 सितंबर को हुई कथित अपहरण एवं मारपीट की घटना में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर पत्रकार संघ बिलाड़ा, जिला जोधपुर की ओर से मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी बिलाड़ा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि प्रवीण लक्षकार हृदय एवं शुगर संबंधी बीमारी से पीड़ित हैं। 16 सितंबर को वे जैतारण स्थित सरकारी अस्पताल से नियमित दवाइयां लेकर निमाज लौट रहे थे। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कथित रूप से उनका अपहरण कर सुनसान स्थान पर ले जाया गया। आरोप है कि वहां उनके साथ लोहे के पाइप एवं सरियों से बेरहमी से मारपीट की गई। मारपीट में उनके हाथ एवं पैर में फ्रैक्चर हुआ। घटना के दौरान उनके कपड़े भी उतार दिए जाने

का आरोप ज्ञापन में लगाया गया है। मामले में पुलिस थाना जैतारण में एफआईआर संख्या 415 दर्ज होने का उल्लेख करते हुए पत्रकार संघ ने कहा कि घटना को करीब 20 दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पत्रकार एवं मीडियाकर्मियों में रोष और असुरक्षा की भावना है।

ज्ञापन में कहा गया कि लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है। किसी मीडियाकर्मी के साथ इस प्रकार की घटना न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि स्वतंत्र एवं निर्भीक पत्रकारिता के लिए भी चिंता का विषय है। पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री से मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष एवं प्रभावी जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की। साथ ही पीड़ित मीडियाकर्मी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की गई।

चेनाराम ब्लॉक संयोजक रास, संतोष भाटी ब्लॉक संयोजिका जैतारण नियुक्त

थिंक राजस्थान • जैतारण

राधेश्याम दाधीच 6 अक्टुबर 2026 राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा ब्यावर के जिलाध्यक्ष दुर्गाराम चौधरी द्वारा संगठन के कार्यकर्ता श्री चेनाराम माली अध्यापक , राउमावि गणेशपुरा को नव निर्मित पंचायत समिति रास के अध्यक्ष पद पर चुनाव सम्पन्न होने तक ब्लॉक संयोजक एवं श्रीमती संतोष भाटी वारिष्ठ अध्यापिका राबाउमावि जैतारण को ब्लॉक महिला संयोजिका जैतारण नियुक्त किया गया।। इसी क्रम में आसुराम राउप्रावि बलुपुरा को रास सह संयोजक , हंसराज अध्यापक, राउमावि पालियावास को संयुक्त मंत्री, रामस्वरूप प्रजापत अध्यापक व रामनिवास जाट अध्यापक, महात्मा गांधी विद्यालय राबाड़ियावास को संगठन मंत्री , रायपुर से पप्पूराम माली अध्यापक, फताखेड़ा मेगड़दा ब्लॉक उपाध्यक्ष , सूरजा माली अध्यापिका, राप्रावि राईकों की ढ़ाणी हरिपुर को महिला ब्लॉक उपाध्यक्ष , विमला प्रजापत राप्रावि गुर्जरों की ढ़ाणी खीवल को ब्लॉक महिला प्रचार -प्रसार मंत्री,नीतू माली अध्यापिका राप्रावि राईकों की ढाणी हरिपुर को जिला उपाध्यक्ष महिला नियुक्त किया गया।

महिला अत्याचार मामले में 3 माह से फरार इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण पंकज यादव निर्देषन में वांछित ईनामी अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना बोरून्दा टीम ने 2000/- के इनामी अभियुक्त हेमन्त पुत्र मगाराम जाति जाट निवासी मण्डावला, लाखा बेरी पुलिस थाना सिणधरी जिला बालोतरा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण के निर्देषन में लम्बे समय से वांछित व ईनामी अपराधियो की धरपकड हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के सभी थानाधिकारियों को विशेष निर्देश दिये गये, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेष्वरलाल व मनीष देव वृताधिकारी वृत बिलाडा के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी सुजानाराम निपु पुलिस थाना बोरून्दा द्वारा कानिस्टेबल भागीरथ विष्नोई के तकनीकि डाटा विष्लेषण के आधार पर कार्यवाही करते हुए प्रकरण संख्या 127 दिनांक 03.07.2026 धारा 137(2),127(3),65(1) बीएनएस व 3(क)/4, 5(एल)/6 पोक्सो एक्ट पुलिस थाना बोरुन्दा में 3 माह से फरार ईनामी अभियुक्त हेमन्त पुत्र मगाराम जाति जाट(सियाग) निवासी मण्डावला, लाखा बेरी पुलिस थाना सिणधरी जिला बालोतरा पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उक्त अभियुक्त की गिरफतारी पर 2000/- का ईनाम जारी हो रखा है।

गिरफ्तार मुल्जिमः-

1. हेमन्त पुत्र मगाराम जाति जाट(सियाग) निवासी मण्डावला, लाखा बेरी पुलिस थाना सिणधरी जिला बालोतरा।

कार्यवाही में विषेष भुमिका निभाने वाले श्री सुजानाराम निपु थानाधिकारी पुलिस थाना बोरून्दा, हैडकानि लखपतराम, कानि, सुभाष, सुभाष गोदारा, भागीरथ विष्नोई की विषेष भूमिका रही।

प्रतियोगिताओं के आवेदन फॉर्म 8 से 16 अक्टूबर तक पर्यटन कार्यालय में उपलब्ध होंगे

मारवाड़ समारोह–2026 का आयोजन 24 एवं 25 अक्टूबर को

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 24 एवं 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले मारवाड़ समारोह–2026 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को अटल सेवा केन्द्र, जोधपुर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (द्वितीय) श्री रामकिशोर मीणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में समारोह के विभिन्न कार्यक्रमों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मारवाड़ समारोह का शुभारंभ 24 अक्टूबर को प्रातः 6:15 बजे मेहरानगढ़ फोर्ट में सूर्य आराधना के साथ होगा। इसके पश्चात प्रातः 7 बजे मेहरानगढ़ फोर्ट से घंटाघर तक हेरिटेज वॉक आयोजित की

जाएगी। इस दौरान प्रतिभागी शहर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़े प्रमुख स्थलों से होते हुए घंटाघर पहुंचेंगे। प्रातः 8 बजे घंटाघर से शोभायात्रा रवाना होकर नई सड़क होते हुए राजकीय उम्मेद स्टेडियम पहुंचेगी। शोभायात्रा में बीएसएफ के सजे-धजे ऊंट, घोड़े, ऊंटगाड़ियां, तांगे-बग्घियां, लोक कलाकार एवं स्कूली बच्चे आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

राजकीय उम्मेद स्टेडियम में प्रातः 8:30 बजे से समारोह की प्रमुख पारंपरिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें मारवाड़ श्री, मिस मारवाड़, मूंछ प्रतियोगिता, साफा बांध प्रतियोगिता, रस्साकस्सी एवं मटका दौड़ शामिल हैं। इसके साथ ही स्टेडियम में पतंगबाजी एवं पतंग प्रदर्शनी, लाइव पेंटिंग तथा हस्तशिल्प प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। समारोह के प्रथम दिवस की शाम सम्राट अशोक उद्यान के एम्फीथिएटर में सायं 7:30 से 9:30 बजे तक राजस्थानी लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।

समारोह के दूसरे दिन 25 अक्टूबर को ओसियां में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें दोपहर 3 बजे से ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताएं, पतंगबाजी एवं पतंग प्रदर्शनी तथा सायं 4 बजे से फूड एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी और कैमल सफारी प्रमुख आकर्षण रहेंगे। सायं 7 से 9 बजे तक सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी तथा समारोह के समापन अवसर पर आतिशबाजी की जाएगी। बैठक में मारवाड़ समारोह को देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए और अधिक आकर्षक बनाने के उद्देश्य से होटल, ट्रैवल एजेंसियों, टूर ऑपरेटर्स एवं पेइंग गेस्ट हाउस संचालकों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार तथा पर्यटकों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

मारवाड़ श्री एवं मिस मारवाड़ सहित समारोह की अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 8 से 16 अक्टूबर, 2026 तक पर्यटन विभाग के कार्यालय से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग ने आमजन, युवाओं, कलाकारों तथा देशी-विदेशी पर्यटकों से मारवाड़ समारोह–2026 में अधिकाधिक सहभागिता कर मारवाड़ की समृद्ध लोक संस्कृति, कला, परंपराओं एवं विरासत का उत्सव मनाने का आह्वान किया है।

'भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़कर आदर्श जीवन का निर्माण करें'

राजकीय बांगड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'संस्कृति से संस्कार' कार्यक्रम आयोजित, रामचरित मानस प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

थिंक राजस्थान • पाली

राजकीय बांगड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पाली एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के संयुक्त तत्वावधान में 'संस्कृति से संस्कार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महा.विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनिता कोका ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं जीवन में संस्कारों के महत्व से परिचित कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांस्कृतिक चेतना मंच के प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने भारतीय पुराणों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति को उसके वास्तविक स्वरूप में समझने के लिए पुराणों का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। पुराण हमारी सांस्कृतिक विरासत, जीवन मूल्यों एवं आदर्शों के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने तथा मर्यादा, सत्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं सदाचार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. विनिता कोका ने भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के नैतिक एवं चारित्रिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विशिष्ट वक्ता नर्सिंग कॉलेज, पाली के प्राचार्य के.सी. सैनी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को स्वयं नशे से दूर रहने के साथ समाज में जागरूक नागरिक की भूमिका निभाते हुए नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता फैलानी चाहिए।

शिक्षा विभाग, पाली के संयुक्त निदेशक अजय गुप्ता ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मोबाइल फोन के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल देते हुए विद्यार्थियों को तकनीक का उपयोग शिक्षा एवं ज्ञानवर्धन के लिए करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश ने भारतीय संस्कारों एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े रहने तथा उन्हें दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर रामचरित मानस पर आधारित रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप श्री सुंदरकांड की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों को रामायण के विभिन्न प्रसंगों एवं भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों से परिचित होने का अवसर मिला। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन आशा मुंदड़ा ने किया। आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं एवं दायित्वों का निर्वहन महाविद्यालय के सहायक आचार्य गोमाराम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महा.विद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार, नैतिक मूल्यों, नशामुक्ति तथा तकनीक के सकारात्मक संदेश दिया गया।

विद्यार्थियों ने रैली निकालकर मतदान के प्रति किया जागरूक

हाथों में तख्तियां लेकर ग्रामीणों को किया मतदान के लिए प्रेरित, निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान की दिलाई शपथ

थिंक राजस्थान • पाली

पंचायती राज आम चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मंगलवार को पाली निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) के माध्यम से विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्कूली विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने हाथों में मतदान संबंधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर ग्रामीणों से लोकतंत्र के पर्व में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि पंचायती राज आम चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता गतिविधियों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न विद्यालयों में ईएलसी के माध्यम से जागरूकता रैलियां निकाली गईं। विद्यार्थियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी तथा निष्पक्ष, निर्भीक एवं बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने का संकल्प दिलाया।

इन स्थानो पर हुआ जागरूकता कार्यक्रमः राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय साली में प्रधानाचार्य अनिल नामा, डेण्डा में प्रधानाचार्य प्रीति सामौर, बालिया बालिका में प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा, टेवाली में प्रधानाचार्य भंवर सिंह कुम्पावत, गुड़ा एन्दला में प्रधानाचार्य मोहनलाल भाटी, सोडावास में प्रधानाचार्य हितेश रामावत, कूरना में प्रधानाचार्य ललित कुमार शर्मा, गोदावास में प्रधानाचार्य प्रवीण चौहान, हेमावास में प्रधानाचार्य अश्विनी दीप्पन, सोनाईमांझी में प्रधानाचार्य शिवराम, ठाकुरला में प्रधानाचार्य नीलम जाजू तथा रूपावास में प्रधानाचार्य नीतू जालवाल के सानिध्य में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मत की भूमिका के बारे में संदेश दिया। ग्रामीणों से आगामी चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

ये रहे मौजूदः जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, सहायक प्रभारी अभिषेक चर्तुवेदी, दिलीप कुमार पटेल, रोहित दाधीच, मदनलाल, कैलाश गढ़वानी, पृथ्वी सिंह, पूर्णिमा दवे, जितेन्द्र सिंह, ईश्वर सिंह, महेश कुमार, देवाराम, अंजली, भावना, प्रतिमा सिन्हा, भरत रामावत, महेन्द्र कुमार, चम्पालाल, धनराज डाबी, अल्का कच्छवाह सहित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

वैध पैकेजिंग लाइसेंस नहीं मिलने पर चार प्रतिष्ठानों पर 25 हजार रुपये का जुर्माना

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग (विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ) के निर्देशानुसार जिले में विधिक मापविज्ञान अधिनियम, 2009 एवं विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुएँ) नियम, 2011 के प्रावधानों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत द्वितीयक मानक विधिक मापविज्ञान प्रयोगशाला, जोधपुर के विधिक मापविज्ञान अधिकारी श्री रामचंद्र त्रिपाठी ने 5 एवं 6 अक्टूबर को अपने कार्यक्षेत्र के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पैकेज में रखी वस्तुओं से संबंधित विधिक प्रावधानों की जांच में चार संस्थाओं एवं प्रतिष्ठानों के पास वैध पैकेजिंग लाइसेंस नहीं पाया गया। नियमों की अवहेलना पर विधिक कार्रवाई करते हुए चारों पर कुल 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। त्रिपाठी ने बताया कि उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा तथा बाट एवं माप संबंधी नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। बिना वैध पैकेजिंग लाइसेंस अथवा नियमों के विरुद्ध व्यापार करने वाले अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ भी सख्त वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सिंधु सेना द्वारा हरिद्वार जा रहे तीर्थ यात्रियों का स्वागत

थिंक राजस्थान • जोधपुर

सिन्धु सेना जोधपुर महानगर द्वारा भावनगर से हरिद्वार तीर्थ पर जा रहे 150 बुजुर्गों का भव्य स्वागत किया गया। सिन्धु सेना राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष संजय चंदीरमानी ने बताया कि "हर हर गंगे यात्रा समिती, भावनगर" द्वारा हर वर्ष धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जाता है, इसी के क्रम मे इस वर्ष 150 बुजुर्गों को धार्मिक यात्रा करवाई जा रहीं है। ट्रैन द्वारा यात्रा कर आज सुबह जोधपुर पधारे बुजुर्गों का सिन्धु सेना जोधपुर द्वारा भव्य स्वागत किया गया। हर हर गंगे यात्रा समिती, भावनगर के कमलेश चंदानी ने बताया कि संस्था हर साल सिंधी समाज के बुजुर्गो को हरिद्वार से भावनगर निशुल्क यात्रा करवाती आ रही है। यह संस्था की पाँचवी धार्मिक यात्रा है। सिन्धु सेना जोधपुर महानगर के जिलाध्यक्ष राहुल चंदीरमानी ने बताया कि जोधपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रा समिति के आयोजक एवम सिन्धु सेना गुजरात के प्रदेशाध्यक्ष कमलेश चंदानी, मुकेश खानवानी, अमित अगीचा, मनुभाई ढिंगलानी, मनोज कुकरेजा, दिनेश माखीजा, विनोद खानवानी सहित कार्यकर्ताओ का जोधपुर रेलवे स्टेशन पर माला व दुप्पट्टा पहना कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संजय चंदीरमानी, राहुल चंदीरमानी, जय सेवानी, भरत गोदिया सहित संस्था कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पंचायतीराज चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता प्रकोष्ठ गठित

थिंक राजस्थान • जोधपुर

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही 3 अक्टूबर 2026 से जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है, जो निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रभावी रहेगी। आचार संहिता लागू होने से पूर्व जारी कार्यादेशों के आधार पर संचालित तथा पूर्व से प्रगतिरत विकास कार्य इससे प्रभावित नहीं होंगे। वहीं, आचार संहिता लागू होने के पश्चात नई निविदाएं आमंत्रित करना, नई योजनाएं प्रारम्भ करना, नए विकास कार्य स्वीकृत करना तथा नए कार्यादेश जारी करना प्रतिबंधित रहेगा। आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने तथा प्राप्त शिकायतों एवं परिवादों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए जिला स्तर पर आदर्श आचार संहिता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), जोधपुर द्वारा ओ.पी. सहारण, अतिरिक्त जिला कलक्टर, जोधपुर (शहर - द्वितीय) को प्रकोष्ठ का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदर्श आचार संहिता से संबंधित शिकायत अथवा परिवाद प्रकोष्ठ के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा दूरभाष संख्या 0291-2540345 पर दर्ज कराया जा सकता है। शिकायतें ई-मेल आईडी mcccelljodhpur2026@gmail.com पर भी भेजी जा सकती हैं। प्रकोष्ठ का कार्यालय उपनिदेशक, महिला अधिकारिता, डीआरडीए, प्रथम तल, कमरा संख्या 08, कचहरी परिसर, पावटा, जोधपुर में स्थापित किया गया है। शिकायतकर्ता को शिकायत/परिवाद में अपना नाम, पूर्ण पता एवं दूरभाष नंबर अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा, ताकि प्रकरण की तथ्यात्मक जांच के दौरान उसका पक्ष सुना जा सके तथा शिकायत का नियमानुसार निष्पक्ष एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने समस्त राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों, मतदाताओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों से आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

पाली कलक्टर ने ली समीक्षा बैठकः विभागीय कामों योजनाओं में प्रगति लाने के दिये निर्देश

थिंक राजस्थान • पाली

जिला कलक्टर पाली की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुयी। बैठक में जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों के कामों मुख्य रूप से पानी पेयजल वितरण, चिकित्सा आदि विभागों के आगामी समय में विभागीय कामों योजनाओं को लेकर विस्तार से निर्देश दिये। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी प्रमुख विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पेयजल को लेकर विशेष कार्ययोजना , वितरण , गांवों शहरों में वार्डों ,पेयजल परिवहन , गांव में टांको का चिन्हीकरण , पानी टैंकर के बारे में , पेयजल परिवहन , के लिये जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल संसाधन विभाग को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पशुपालन विभाग को चारे की व्यवस्था के लिये ,पशु शिविर , कृषि विभाग को क्राप कटिंग, फसल खराबा , गिरदावरी आदि के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग को त्यौहारी सीजन में नकली दूध, पनीर, मावा, घी के विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश साथ ही रसद विभाग, जल संसाधन, महिला एंव बाल विकास विभाग सैम व मेम बच्चों व निरीक्षण के लिये, शिक्षा विभाग, उद्योग आदि विभागों को प्रगति लाने के बारें में निर्देश दिये। इसके साथ ही पंचायत चुनावों को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं व इंतजामों के लिये निर्देश दिये। साथ ही अन्य विभागों के कामों योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में प्रशिक्षु आईएएस बिरजू गोपाल व मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी ने भी बैठक में आवश्यक जानकारी व निर्देश दिये। इसके साथ ही अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) नरेश बुनकर, उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र राणावत, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सेवा ज्योति कलश यात्रा का जिला स्तरीय आयोजन 7 अक्टूबर को

- रामलीला मैदान में होगा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली करेंगे संबोधित

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राज्य सरकार के निर्देशानुसार 'विकसित भारत जन सेवा अभियान' के तहत जनसेवा, सामाजिक सरोकार एवं सुशासन की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' का आयोजन बुधवार, 7 अक्टूबर को 12वीं रोड स्थित रामलीला मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा । इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करेंगे।

अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास गतिविधियों की जानकारी आमजन तक व्यापक स्तर पर पहुंचाने तथा 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' के संकल्प की दिशा में जनभागीदारी को सुदृढ़ करना है। अभियान में किसानों, महिलाओं, युवाओं सहित विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होगा कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान पर्यटन विभाग एवं राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री के संबोधन के लाइव वेबकास्ट के लिए एलईडी वॉल सहित आवश्यक तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

विभागों को सौंपे दायित्व

जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशन में कार्यक्रम के सुचारू एवं सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं। जोधपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पुलिस आयुक्तालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा तथा परिवहन विभाग सहित संबंधित विभागों को सुरक्षा, कानून एवं यातायात व्यवस्था, पेयजल, अल्पाहार, स्वच्छता एवं एम्बुलेंस सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

'प्राधिकरण सचिव भाटी ने जिला कारागृह का लिया जायजा'

थिंक राजस्थान • पाली

माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पाली के सचिव एवं अपर जिला न्यायाधीश विक्रम सिंह भाटी ने मंगलवार को जिला कारागृह, पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह, पाली में कुल 132 बंदी निरुद्ध पाए गए, जो निर्धारित क्षमता से अधिक थे। सचिव भाटी ने बंदियों से संवाद कर कारागृह में भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने बंदियों की समस्याओं के बारे में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी बंदी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरुद्ध हो, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। इसके साथ ही ऐसे बंदियों के संबंध में भी जानकारी ली गई, जिनकी जमानत होने के उपरांत भी वे कारागृह में निरुद्ध हैं तथा बंदियों को उनके प्रकरणों की वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया गया। सचिव भाटी ने नवागंतुक बंदियों से संवाद कर उनके विरुद्ध आरोपित अपराध के समय उनकी आयु के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

'पंचायतराज संस्थाओं के आम चुनाव, 2026 - नाम निर्देशन की समय-सारणी में संशोधन'

थिंक राजस्थान • पाली

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव, 2026 के संबंध में जारी पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों तथा पंच, सरपंच एवं उपसरपंच के निर्वाचन के लिए निर्धारित समय-सारणी में संशोधन किया गया है।

आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण में मतदान दलों का गठन एवं प्रशिक्षण 21 अक्टूबर, 2026 को, पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के लिए मतदान 22 अक्टूबर, 2026 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक, पंच एवं सरपंच के लिए नाम निर्देशन 23 अक्टूबर, 2026 को तथा मतदान 24 अक्टूबर, 2026 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। पंच एवं सरपंच के मतों की गणना मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात की जाएगी तथा उपसरपंच का चुनाव 25 अक्टूबर, 2026 को होगा। द्वितीय चरण में मतदान दलों का गठन एवं प्रशिक्षण 27 अक्टूबर, 2026 को, पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के लिए मतदान 28 अक्टूबर, 2026 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक, पंच एवं सरपंच के लिए नाम निर्देशन 29 अक्टूबर, 2026 को तथा मतदान 30 अक्टूबर, 2026 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। पंच एवं सरपंच के मतों की गणना मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात की जाएगी तथा उपसरपंच का चुनाव 31 अक्टूबर, 2026 को होगा। आयोग ने सभी संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को संशो.धित समय-सारणी के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं संबंधित अभ्यर्थियों को संशोधित कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

आसाराम 20 दिन पैरोल पर रिहा

जोधपुर। आसाराम को पैरोल देने के मामले में हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 20 दिन की पैरोल पर रिहा करने के निर्देश दिए हैं। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि दूसरे राज्य में दोषी होने पर राजस्थान हाईकोर्ट से मिली पैरोल रोकी नहीं जा सकती है। कोर्ट ने आसाराम को 20 दिन की पैरोल देने के 3 अगस्त के आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं। न्यायाधीश डॉ. नूपुर भाटी और संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने राज्य सरकार को आसाराम की रिहाई की रिपोर्ट पेश करने को कहा। एएजी बीएल भाटी ने बताया कि आसाराम को गुजरात की अदालत ने दोषी ठहराया है। राज्य ने तर्क दिया कि नियम 14(ए) के तहत उसे गुजरात हाईकोर्ट में पैरोल आवेदन करना चाहिए था, जहां उसकी इमरजेंसी पैरोल अर्जी खारिज हो चुकी है। हालांकि, आवेदक के वकील ने कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट ने पहले ही पैरोल मंजूर की थी।

एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-जोधपुर स्पेशल ट्रेन बदले रूट से चलेगी

थिंक राजस्थान • जोधपुर

रेलवे की ओर से देवपुरा-सवाईमाधोपुर स्टेशनों के बीच स्थित ब्रिज संख्या 7 पर आरसीसी बॉक्स डालने के कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कारण एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-जोधपुर स्पेशल ट्रेन 13 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि ये ट्रेन परिवर्तित मार्ग से सवाईमाधोपुर-गंगापुर सिटी-दौसा-जयपुर होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह ट्रेन दुर्गापुरा, वनस्थली निवाई स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। रेलवे प्रशासन की ओर से नवरात्रि मेले को देखते हुए डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर और बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर रेल सेवाओं का डोंगरगढ़ स्टेशन पर अस्थायी ठहराव दिया जा रहा है।

ट्रेन संख्या 20843/20844 बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेसः ट्रेन संख्या 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस 12, 13 एवं 20 अक्टूबर 2026 को बिलासपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन डोंगरगढ़ स्टेशन पर 21.56 बजे आगमन एवं 21.58 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस दिनांक 15 एवं 17 अक्टूबर 2026 को भगत की कोठी से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन डोंगरगढ़ स्टेशन पर 5.40 बजे आगमन एवं 5.42 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 20845/20846 बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेसः गाड़ी संख्या 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस 15 एवं 17 अक्टूबर को बिलासपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन डोंगरगढ़ स्टेशन पर 21.56 बजे आगमन एवं 21.58 बजे प्रस्थान करेगी।

वापसी में गाड़ी संख्या 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस दिनांक 18 एवं 20 अक्टूबर को बीकानेर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन डोंगरगढ़ स्टेशन पर 5.40 बजे आगमन एवं 5.42 बजे प्रस्थान करेगी। इस अस्थायी ठहराव से नवरात्रि मेले के दौरान मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

जोधपुर-बान्द्रा टर्मिनस ट्रेन का बदलेगा समय

रेलवे की ओर से मारवाड़ जंक्शन यार्ड में तकनीकी कार्य किया जा रहा है। इसके कारण जोधपुर-बान्द्रा टर्मिनस ट्रेन 6 अक्टूबर को मार्ग में रेगुलेट रहेगी। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार, गाड़ी संख्या 12479, जोधपुर-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा, जो 6 अक्टूबर 2026 को जोधपुर से रवाना होगी, वह लूनी-राजकियावास के मध्य 25 मिनट रेगुलेट रहेगी।

वंदे भारत स्लीपर डिपो के दूसरे चरण का काम शुरू

भगत की कोठी में देश के पहले वंदे भारत स्लीपर मेंटेनेंस डिपो को अत्याधुनिक स्वरूप देने की दिशा में दूसरे चरण का काम शुरू हो गया है। करीब 195 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होने वाले इस चरण में हाईटेक ट्रेनिंग सेंटर,बहुद्देश्यीय वर्कशॉप, कवर्ड शेड और नई मेंटेनेंस सुविधाएं विकसित की जाएंगी। परियोजना को करीब दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि दूसरे चरण में वंदे भारत और हाई स्पीड ट्रेनों के मैंटेनेस से जुड़े इंजीनियरों और तकनीकी कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर विकसित किया जाएगा। यहां ट्रेनों की आधुनिक मशीनरी और तकनीकी प्रणालियों के अनुरक्षण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यानी ट्रेन के पहियों और अन्य उपकरणों से लेकर आधुनिक तकनीकी प्रणालियों तक के रखरखाव से जुड़ा विशेषज्ञ प्रशिक्षण इसी परिसर में उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में इंस्पेक्शन बे-लाइन पर कवर्ड शेड के साथ बड़ा कवर्ड वर्कशॉप क्षेत्र विकसित किया जाएगा। ओएचई सुविधा से युक्त पिट लाइन का निर्माण होगा तथा पिट व्हील मेंटेनेंस की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा सर्विस बिल्डिंग सहित अनुरक्षण से जुड़ी अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

2 साल में पूरा करने का लक्ष्य

195 करोड़ रुपए की लागत वाले दूसरे चरण का काम करीब दो साल में पूरा करने का लक्ष्य है। इसके पूरा होने के बाद भगत की कोठी डिपो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के मैंटेनेस के लिए वर्कशॉप,पिट लाइन, कवर्ड शेड और प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार हो जाएगा।

हरमनप्रीत ने छोड़ी कप्तानी, कहा- मैंने अपनी जिम्मेदारी निभा दी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत की एकमात्र विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को तीनों प्रारुपों की कप्तानी से इस्तीफा देते हुए कहा कि बतौर कप्तान उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह निभाई है और अब वह एक बार फिर सिर्फ खेल के प्यार और जुनून के लिए खेलने को तैयार हैं।

37 वर्षीय हरमनप्रीत का यह फैसला गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के बाद आया, जिसमें पिछले कुछ महीनों में टीम के प्रदर्शन और उसकी आगे की दिशा का आकलन किया गया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में हरमनप्रीत के अलावा उपकप्तान स्मृति मंधाना और मुख्य कोच अमोल मजूमदार भी शामिल हुए। हाल के दिनों में भारतीय महिला टीम की कप्तानी करने की अपनी इच्छा खुलकर जाहिर करने वाली स्मृति मंधाना अगली कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे मानी जा रही हैं।

हरमनप्रीत ने किया भावुक संदेश इंस्टाग्राम पर साझा

कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहीं हरमनप्रीत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं आज भारतीय महिला क्रिकेट टीम के तीनों प्रारुपों की कप्तानी से हट रही हूं। उन्होंने कहा, यह फैसला आसान नहीं है। इसके साथ वर्षों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे अनगिनत पल जुड़े हैं, जो जीवन भर मेरे साथ रहेंगे। हरमनप्रीत ने यह भावुक संदेश इंस्टाग्राम पर साझा किया। इसके साथ उन्होंने ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान की ओर मुंह करके खड़े अपनी तस्वीर भी पोस्ट की। इससे पहले हरमनप्रीत ने कम से कम 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक टीम की कप्तानी करने की इच्छा जताई थी। भारत इन खेलों के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका है।

2016 में संभाली थी कप्तानी

हरमनप्रीत ने 2016 में भारतीय टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी और करीब एक दशक तक इस जिम्मेदारी को निभाया। 2022 में उन्हें वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई और 2023 में वह तीनों प्रारुपों की कप्तान बन गईं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैंने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है। मैंने इस टीम को अपना सब कुछ दिया। मैंने इस जिम्मेदारी को सम्मान के साथ निभाया और भारतीय महिला क्रिकेट का नेतृत्व करने का अवसर मिलने के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी।

तीनों प्रारुपों में खेलना जारी रखेंगी

हरमनप्रीत हालांकि तीनों प्रारुपों में भारत के लिए खेलना जारी रखेंगी। हरमनप्रीत ने कहा, अब मेरे लिए नया अध्याय शुरू करने का समय है। कप्तानी आज खत्म हो सकती है, लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी खत्म नहीं होगा। मैंने अपना खून, पसीना, त्याग और सम्मान सब कुछ इस टीम को दिया है। मैं अब फिर से सिर्फ खेल के प्यार के लिए खेलने को तैयार हूं। कप्तानी का अंत हुआ है, सफर जारी है।

5 टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी20 में की कप्तानी

हरमनप्रीत को भारत की महानतम क्रिकेटरों में शुमार किया जाता है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले साल पहली बार वनडे विश्व कप जीता था। हाल ही में टीम ने एशियाई खेलों के टी20 प्रारुप में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक भी हासिल किया। इसके अलावा हरमनप्रीत की अगुआई में भारत ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। उन्होंने 5 टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की कप्तानी की।

'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ'

शेफाली-चरणी नॉमिनेट अभिषेक-गिल शॉर्टलिस्ट

एजेंसी ▸▸| दुबई

विमेंस एशिया कप और एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत की शेफाली वर्मा और श्रीचरणी के साथ-साथ श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू को सितंबर के लिए 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए नामित किया गया है।

वहीं, व्हाइट-बॉल क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद, भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के साथ जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा को सितंबर के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

शेफाली ने बनाए 184.61 के स्ट्राइक रेट से रन

शेफाली के लिए भारत की ओपनिंग बैटिंग लाइन-अप में यह महीना बहुत शानदार रहा। उन्होंने सात टी20 मैचों में 72 की औसत और 184.61 के स्ट्राइक रेट से 360 रन बनाए। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया और 13 की औसत से छह विकेट लिए। वह विमेंस एशिया कप में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं और पांच पारियों में 236 रन बनाए।

अभिषेक ने की जबरदस्त वापसी

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के दौरान अभिषेक ने 76.33 की औसत से 229 रन बनाए। उन्होंने दिल्ली में खेले गए पहले मैच में 32 गेंदों पर 82 रन बनाकर जबरदस्त वापसी की। अभिषेक ने सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। भारत ने 157 रन का लक्ष्य 38 गेंदें बाकी रहते हुए हासिल कर लिया।

गिल के लिए सितंबर महीना रहा शानदार

भारतीय कप्तान शुभमन गिल के लिए सितंबर का महीना शानदार रहा, जिसमें उन्होंने वनडे फॉर्मेट में रिकॉर्डतोड़ पारियां खेलीं। गिल ने तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज के विरुद्ध 110 रन की पारी खेली, जबकि गुवाहाटी में नाबाद 223 रन बनाए। दोनों मुकाबले भारत ने जीते और सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने इंजरी के कारण बीच में छोड़ा मैच, फेडरर के रिकॉर्ड के करीब पहुंचे

रिकॉर्ड 102 खिताब... नोवाक जोकोविच ने जीता चाइना ओपन

एजेंसी ▸▸| बीजिंग

नोवाक जोकोविच ने एक बार फिर टेनिस इतिहास के पन्नों में अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करा दिया है। चीनी ओपन के खिताबी मुकाबले में एक नाटकीय अंत के साथ जोकोविच ने अपने करियर का रिकॉर्ड सातवां चीन ओपन खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही उन्होंने टेनिस जगत के सबसे बड़े रिकॉर्ड्स में से एक रोजर फेडरर के करियर टाइटल्स के बेहद करीब पहुंच कर अपनी महानता का एक और सबूत दे दिया है। फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को ग्रोइन इंजरी के कारण मैच बीच में ही छोड़ना पड़ा, जिससे जोकोविच को विजेता घोषित किया गया। जब मैच खत्म हुआ, तब जोकोविच पहला सेट 7-6(3) से अपने नाम कर चुके थे और दूसरे सेट में 0-1 से पीछे थे। यह जीत न केवल जोकोविच के लिए खास है, बल्कि उनके शानदार करियर की लंबी पारी और निरंतरता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है। इस खिताबी जीत के साथ ही एटीपी सिंगल्स में नोवाक जोकोविच के कुल टाइटल्स की संख्या अब 102 हो गई है। वह अब रोजर फेडरर के 103 टाइटल्स के रिकॉर्ड से महज एक कदम दूर हैं। ओपन एरा में सबसे ज्यादा सिंगल्स खिताब जीतने का रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है, जिनके खाते में 109 टाइटल्स हैं और जोकोविच अब इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड से केवल सात खिताब दूर हैं। इसके अलावा, इस जीत ने चीन ओपन में जोकोविच के अजेय रथ को 34-0 पर पहुंचा दिया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह उनके करियर का लगातार 21वां साल है जब उन्होंने कम से कम एक सिंगल्स खिताब जरूर जीता है। यह आंकड़ा टेनिस कोर्ट पर उनकी फिटनेस, मानसिक दृढ़ता और खेल के प्रति समर्पण को बयां करता है।



सेरेना-शुआई की फेहरिस्त में शामिल हुईं एलेक्जेंड्रोवा

बीजिंग। चाइना ओपन के 'राउंड ऑफ 16' में मंगलवार को रूस की एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा ने चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 6-2 से मात देकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला मीरा आंद्रीवा से होगा। नंबर 19 सीड एलेक्जेंड्रोवा ने टॉप 10 खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की 22वीं जीत दर्ज की। उन्होंने नंबर 5 सीड को हराकर पहली बार बीजिंग में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। 31 साल की उम्र में एलेक्जेंड्रोवा चाइना ओपन में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। वह टूर्नामेंट में अंतिम-8 में पहुंचने वाली तीसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं, उनसे आगे सिर्फ सेरेना विलियम्स और शुआई झांग हैं।

खबर संक्षेप

भूटिया की इंदौर में फुटबॉल अकादमी शुरू

इंदौर। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और सितारा स्ट्राइकर बाइचुंग भूटिया ने इंदौर के चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) की औपचारिक शुरुआत की। इसके साथ ही, यह संस्थान राज्य में भूटिया की फुटबॉल अकादमी शुरू करने वाला पहला केंद्र बन गया है। भूटिया ने कहा कि उनकी अकादमी का मुख्य उद्देश्य फुटबॉल की स्थानीय पौध को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करना है। पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत में फुटबॉल अभी विकासशील स्थिति में है और खेल के सामने कई चुनौतियां हैं।

श्रेयस की रणनीति और तैयारी शानदार: लक्ष्मण

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि श्रेयस अय्यर में भारतीय टीम की सफल कप्तानी करने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि अय्यर की अच्छी तैयारी, रणनीति की समझ और विपक्षी टीम की ताकत को पहचानने की क्षमता उन्हें एक मजबूत कप्तान बनाती है। श्रेयस अय्यर ने जापान में भारत को पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक दिलाया। अय्यर के कप्तानी संभालने के तरीके से प्रभावित लक्ष्मण ने कहा कि मध्यक्रम के इस बल्लेबाज में पहले से ही वे खूबियां नजर आ रही हैं, जो तेज गति वाले टी20 क्रिकेट में विपक्षी टीम से एक कदम आगे रहने के लिए जरूरी हैं।

नवंबर में पेश करेंगे प्रोजेक्ट

2036 ओलंपिक : भारत समेत सात देश मेजबानी के इच्छुक

एजेंसी ▸▸| लुसाने

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि भारत, जर्मनी, कतर और तुर्किये समेत 7 देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी में रुचि दिखाई है और उन्हें नवंबर में 'फ्यूचर होस्ट कमीशन' के सामने अपने प्रोजेक्ट पेश करने के लिये बुलाया गया है।

आईओसी ने कहा कि प्रोजेक्ट का आकलन कई तकनीकी पहलुओं पर किया जाएगा, जिनमें आयोजन स्थलों का मास्टर प्लान और खिलाड़ियों का अनुभव, फंडिंग को लेकर रणनीति, राजनीतिक और जनता का समर्थन, मेजबानी की क्षमता और मेजबान समुदायों को दीर्घकालिन फायदे पहुंचाने वाली विरासत रणनीति शामिल है। आईओसी ने इन 'प्रेजेंटेशन' के लिए कोई निश्चत समय सीमा नहीं बताई।

इच्छुक पक्ष लगातार कर रहे संवाद

आईओसी ने कहा,' इच्छुक पक्ष आईओसी से लगातार संवाद कर रहे हैं और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा रखने वाले देश हैं, जर्मनी, हंगरी, भारत, कतर, कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और तुर्किये।' इसमें आगे कहा गया 'कई राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) 2036 के बाद होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी को लेकर आईओसी के साथ शुरुआती बातचीत में शामिल है। इच्छुक पक्षों को नवंबर में 'फ्यूचर होस्ट कमीशन' के सामने अपना प्रोजेक्ट पेश करने के लिये आमंत्रित किया गया है।' आईओसी ने कहा कि 31 अक्टूबर के बाद 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए किसी और इच्छुक पक्ष पर विचार नहीं किया जाएगा। पहली बार ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जताने वाले भारत ने अहमदाबाद को मेजबानी के लिए चुना है।

गांगुली बने दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को इंडियन प्रीमियर लीग के 2027 सत्र के लिए दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया, जो हेमांग बदानी की जगह लेंगे। गांगुली 2019 में दिल्ली टीम के सलाहकार बने थे। वह फ्रेंचाइजी की पुरुष और महिला टीम के क्रिकेट निदेशक समेत कई पदों पर रह चुके हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स की एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स में भी पिछले सत्र में मुख्य कोच थे। गांगुली ने कहा,'आईपीएल में मुख्य कोच की भूमिका संभालने को लेकर उत्साहित हूं। दिल्ली कैपिटल्स टीम मेरे दिल के करीब है और इतने सालों में उसके साथ करीबी रिश्ता रहा है।' उन्होंने कहा,'मैंने टीम के मालिकों, प्रबंधन, सहयोगी स्टार और खिलाड़ियों के साथ करीब से काम किया है। हमारे पास काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और अतीत में हमने अच्छी क्रिकेट खेली है।' दिल्ली टीम आईपीएल के पिछले सत्र में छठे स्थान पर रही थी। दिल्ली कैपिटल्स जीएमआर ग्रुप और जेएसडब्ल्यू ग्रुप के संयुक्त मालिकाना हक वाली टीम है । दोनों ग्रुप बारी बारी से प्रबंधन की जिम्मेदारी लेते हैं और जीएमआर की बारी 2026 में खत्म हो गई। गांगुली अब बदानी की जगह लेंगे, जिनके कोच रहते पिछले दो सत्र में दिल्ली प्लेआफ में नहीं पहुंच सकी।

टीपीएल सीजन-8

रोहन की टेनिस कोर्ट पर वापसी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पूर्व विश्व नंबर एक युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स की ओर से खेलेंगे, जबकि 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल चैंपियन रिंकी हिजिकाता राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुंबई में 12 अक्टूबर को होने वाली खिलाड़ी नीलामी से पहले आगामी सत्र के लिए मंगलवार को प्रमुख खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दी गई। बोपन्ना ने कहा, हर साल यह लीग और मजबूत होती जा रही है। मुझे टीम के साथ खेलने का माहौल और इस प्रारूप से मिलने वाली ऊर्जा बेहद पसंद है। इस वर्ष मुकाबला काफी कड़ा होगा, जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों के साथ भारतीय युवा प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा।

अय्यर का शानदार शतक, टीम इंडिया की टी-20 में लगातार 10वीं जीत

भारत ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया

लखनऊ

कप्तान श्रेयस अय्यर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा, जबकि पदार्पण कर रहे हरफनमौला नमन धीर ने तीन विकेट चटकाए जिससे भारत ने मंगलवार को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। धीर ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट चटकाए। इससे वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 171 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए 'प्लेयर ऑफ द मैच' अय्यर ने 43 गेंदों पर 10 चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने ईशान किशन (27 गेंद में नाबाद 37 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 गेंद में 137 रन की अटूट साझेदारी की। इस साझेदारी की बदौलत भारत ने 14.4 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। भारत की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही। अभिषेक शर्मा (21) और संजू सैमसन (11) चार ओवर के भीतर पवेलियन लौट गए और भारत का स्कोर 35 रन पर दो विकेट हो गया। रोस्टन चेज ने अभिषेक को आउट किया, जबकि शिमरॉन हेटमायर ने लॉन्ग ऑफ से दौड़कर शानदार कैच पकड़ा। अगले ओवर में संजू सैमसन अकील हुसैन की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद अय्यर और किशन ने मोर्चा संभाल लिया। अय्यर ने मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए और तेजी से रन बनाते हुए अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। उन्होंने रोस्टन चेज के खिलाफ छक्का लगाकर 42 गेंदों में शतक पूरा किया और फिर अगली गेंद पर एक रन चुराकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले वेस्टइंडीज की ओर से कप्तान शाई होप ने 37 गेंद में 52 और शरफेन रदरफोर्ड ने 34 गेंद में 56 रन की पारी खेली। होप ने दूसरे ओवर में मयंक यादव की गेंदों पर चार चौके जड़ कर वेस्टइंडीज को तेज शुरुआत दिलाई। भारत को पहली सफलता अर्शदीप सिंह ने कामिल पूरन (12) को बोल्ड कर दिलाई। छठे ओवर में वेस्टइंडीज को दोहरा झटका लगा। पहले हेटमायर (5) रन आउट हुए और फिर अक्षर पटेल ने रोवमैन पॉवेल को खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया।

आर्कटिक ओपन बैडमिंटन : सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं, थारुन-रौनक मुख्य ड्रॉ में

वांता (फिनलैंड)

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मंगलवार को आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बना ली तो वहीं थारुन मन्नेपल्ली और रौनक चौहान ने पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। कई अन्य भारतीय खिलाड़ियों को हलांकि हार का सामना करना पड़ा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने कनाडा की वेन यू झांग को महज 28 मिनट में 21-8, 21-11 से हराया। जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीतने वाली 31 साल की सिंधू का सामना अब चीनी ताइपे की लिन हियांग टी या जापान की रिको गुनजी से होगा। उन्नति हुड्डा और अस्मिता चालिहा को कड़े मुकाबले के बाद हार का सामना करना पड़ा। एशियाई खेलों में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची उन्नति को चीन की हान कियान शी ने 16-21, 21-15, 24-22 से हराया। वहीं सातवीं वरीय डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन ने अस्मिता को 21-7, 14-21, 26-24 से मात दी। मालविका बंसोड़ ने ताइवान की सुंग शुओ यून को 21-15, 14-21, 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई लेकिन अंतिम 32 के मुकाबले में उन्हें अनुभवी स्कॉटिश खिलाड़ी कर्स्टी गिल्मर के हाथों 18-21, 13-21 से हार झेलनी पड़ी। यह मुकाबला 40 मिनट चला। क्वालीफाइंग दौर में थारुन मन्नेपल्ली ने दूसरी वरीयता प्राप्त बेल्जियम के जूलियन कैरागी को 21-12, 19-21, 21-13 से हराया। मुख्य ड्रॉ में अब उनका सामना डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन से होगा। रौनक चौहान ने इजराइल के डेनियल दुबोवेंको को 18-21, 21-17, 21-19 से हराया। मुख्य ड्रॉ में वह चीन के वेंग होंग यांग से भिड़ेंगे।

इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन पर भाजपा का जोरदार हमला

आज कामचोर मचा रहा शोर, किसे लाभ पहुंचाना चाह रहे, अब तक किसी भी 'संस्था' को नहीं छोड़ा

भाजपा सांसद सुधांशु ने की प्रेस वार्ता की, डुप्लीकेट वोटरों को वोटिंग का हक क्यों मांग रहे? वायु सेना, देश की सुरक्षा, वैक्सीन और न्यायपालिका को नहीं बख्शा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन पर भाजपा लगातार हमलावर हो रही है। मंगलवार को भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी की प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसी सांविधानिक संस्था को नहीं छोड़ा है। कांग्रेस से कई सवाल पूछें। चुनाव आयोग तक इंडिया गठबंधन के सांसदों के विरोध मार्च पर त्रिवेदी ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस ने अब तक देश की कितनी संस्थाओं पर आरोप लगाए हैं? एक दर्जन? आधा दर्जन? 2 दर्जन? भारतीय सेना से लेकर भारतीय वायु सेना, देश की सुरक्षा, एलआईसी, एचएएल, एसबीआई, एसईबीआई, वैक्सीन, न्यायपालिका और भारतीय मीडिया तक इस बात पर एक क्विज प्रतियोगिता होनी चाहिए कि कांग्रेस, और राहुल ने भारत की कितनी संस्थाओं पर आरोप लगाए हैं। वे विदेश जाकर ये सब बातें कहते हैं।

4 पीढ़ियों से लोकतंत्र की आड़ में राजशाही

त्रिवेदी ने कहा कि हमारी मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस का पहला परिवार पिछले चार पीढ़ियों से लोकतंत्र की आड़ में राजशाही चला रहा है, और असल में लोकतंत्र का गला घोंट रहा है। आज उन्होंने आकाशवाणी में घुसपैठ करने की कोशिश की। मैं कांग्रेस से साफ तौर पर पूछना चाहता हूं। वे बिना किसी जांच-पड़ताल के अनुपस्थित, दूसरी जगह चले गए, मृत और डुप्लिकेट वोटरों को वोटिंग का अधिकार देकर किसे फायदा पहुंचाना चाहते हैं? क्या कांग्रेस ऐसा करके किसी को फायदा पहुंचाना चाहती है?

मार्च पर शिवराज का तंज

राहुल की फिर से 'लॉन्चिंग' केरल, कर्नाटक में सब ठीक

मार्च की आलोचना करते हुए दावा किया कि यह कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा अराजकता पैदा करने तथा राहुल गांधी को फिर से 'लॉन्च' करने का एक और प्रयास था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इस मार्च के जरिए वे बेबुनियाद आरोप लगा रहे। क्या कर्नाटक, केरल और हिमाचल में एसआईआर ठीक था।

रविशंकर ने प्रेस कांफ्रेंस की

अराजकता फैला रहा सारा विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं का अपमान

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रदर्शनों पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल और विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग और सेना जैसी संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान नहीं करते। प्रसाद ने कहा कि विपक्ष देश में अराजकता फैलाना चाहता है।

संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रही कांग्रेस

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत की संवैधानिक संस्थाओं के प्रति लोगों में अविश्वास उत्पन्न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन संविधान को कमजोर करने की 'साजिश' का हिस्सा है।

विपक्षी सांसद बोले

सीईसी ने एकतरफा फैसले लेकर संविधान के खिलाफ काम किया

एमडीएसके सांसद दुरई वाइको ने सीईसीके इस्तीफे की मांग की। वाइको ने आरोप लगाया कि सीईसी ने एकतरफा फैसले लेकर संविधान के खिलाफ काम किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट किया है कि उसने फॉर्म-6 में बदलाव को लेकर कोई मंजूरी नहीं दी है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को लेकर विपक्ष की आपत्तियां दोहराईं।

वोट और संवैधानिक अधिकार छीने जा रहेः रेणुका

कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के आम लोगों के वोट और संवैधानिक अधिकार छीने जा रहे हैं। रेणुका चौधरी ने कहा कि सांसदों की जिम्मेदारी है कि वे आम लोगों की आवाज उठाएं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में लाखों लोगों के नाम हटाए जाने का भी दावा किया।

ज्ञानेश कुमार ने न्यायालय को गुमराह कियाः राउत

शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत नेकहा कि सीईसी को उच्चतम न्यायालय के इस स्पष्टीकरण के बाद पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है कि उसने कभी मतदाता पंजीकरण फॉर्म में बदलाव की मंजूरी नहीं दी। सीईसी पर एसआईआर के बारे में शीर्ष अदालत और जनता दोनों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री डर रहेः खेड़ा

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को निर्वाचन आयोग के दफ्तर में जाने से रोका जा रहा है, हमें बस वहां जाकर अपना ज्ञापन सौंपना है, लेकिन उन्हें रोका जा रहा है। हम भी हार नहीं मानेंगे और यहीं इंतजार करेंगे। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री डर गए हैं।

ये सिलसिला चलता रहेगाः उमर

मार्च पर जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि ये सिलसिला चलता रहेगा। गठबंधन की बैठक हुई थी उसी में इस महीने का पूरा कैलेंडर तैयार किया गया। उसी में ये तय हुआ था 6 अक्टूबर को ईसी दफ्तर तक मार्च करेंगे।

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को ईसीआई कार्यालय की ओर 'इंडिया ब्लॉक' के विरोध मार्च के दौरान सुरक्षाकर्मियों द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद एक पुलिस बस के अंदर देखा गया।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करते हुए संसद से भारत निर्वाचन आयोग कार्यालय तक विरोध मार्च के दौरान कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल।

राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, (ईसीआई कार्यालय की ओर 'इंडिया ब्लॉक' के विरोध मार्च के दौरान पार्टी नेताओं और समर्थकों के बीच बैठे हैं, जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की गई है।

टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए संसद से भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) कार्यालय की ओर विरोध मार्च निकाला।

खबर संक्षेप

असम में सड़क हादसे में परिवार के 3 की मौत

गुवाहाटी। असम के कामरूप महानगर जिले में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एक तेज रफ्तार कार के सड़क की रेलिंग से टकराने से एक महिला समेत एक परिवार के3 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य गंभीर घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा खेतड़ी इलाके में हुआ, जब कार गुवाहाटी से नगांव जा रही थी। पुलिस ने प्रकरण कायम कर जांच शुरू कर दी है।

नवीन आज वाराणसी में रैली को संबोधित करेंगे

वाराणसी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बुधवार कोरोहनिया स्थित जगतपुर इंटर कॉलेज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह सभा वडनगर से वाराणसी तक निकाली गई मोटरसाइकिल 'सेवा यात्रा' के समापन के अवसर पर आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर जगतपुर इंटर कॉलेज के मैदान में बड़ी जनसभा का आयोजन है।

मान के कैंप ऑफिस पर सीबीआई का छापा

चंडीगढ़। सीबीआई ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के ओएसडी राजबीर घुमम्न के संगरूर स्थित घर और उनके भाई के मोहाली स्थित घर पर छापेमारी की है। सीबीआई की टीम ने मोहाली के फेज-11 में गुरकिरपाल सिंह थिंद (ओएसडी राजबीर घुमम्न के भाई) के घर पर भी छापा मारा है। इसके साथ ही, सीबीआई की टीम मुख्यमंत्री कार्यालय में भी पहुंची हुई है।

चिकित्सकों का कर्तव्य मरीजों के प्रति करुणा भी हो

बिलासपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिमाचल प्रदेश में एम्स बिलासपुर के पहले दीक्षांत समारोह में कहा कि चिकित्सा पेशा केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि करुणा, संवेदनशीलता और समाज की निस्वार्थ सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। राष्ट्रपति ने शक्तिपीठ की देवी माता श्री नैना देवी को नमन किया। उन्होंने बिलासपुर की पवित्र धरती और इसके ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया।

एमएसएमई को नई उड़ान मिलेगी, परिवहन-लॉजिस्टिक्स में भी बड़ा बदलाव

कैबिनेट के फैसलों को पीएम मोदी ने बताया उद्यमियों के निर्माण की दिशा में अहम कदम

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के हालिया फैसलों को देश की अर्थव्यवस्था और विकास की गति को नई दिशा देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल का एमएसएमई क्षेत्र से जुड़ा फैसला देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को विस्तार देने और अगली पीढ़ी के भारतीय कारोबारी नेतृत्व को तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़े पैमाने पर कारोबार बढ़ाने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने, विनिर्माण क्षमता का विस्तार करने और वैश्विक बाजारों में प्रवेश करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए जरूरी है कि उद्यमों को तकनीक, पूंजी, बाजार और बेहतर कारोबारी माहौल तक आसान पहुंच मिले। सरकार के इस फैसले से छोटे एवं मध्यम उद्यमों को अपने कारोबार को स्केल अप करने के साथ-साथ अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने का अवसर मिलेगा।

वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जुड़ेंगे भारतीय उद्यमः प्रधानमंत्री ने कहा कि नई पहल का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य भारतीय एमएसएमई को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ना है। इससे घरेलू उद्यमों के लिए न केवल निर्यात के नए अवसर खुल सकते हैं, बल्कि भारतीय उत्पादों की वैश्विक बाजारों में मौजूदगी भी मजबूत हो सकती है। विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार के साथ एमएसएमई वैश्विक कंपनियों की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में एमएसएमई रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ विनिर्माण, सेवा और निर्यात क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इन उद्यमों की क्षमता बढ़ने का असर व्यापक आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ सकता है।

परिवहन और लॉजिस्टिक्स में बनेगा एकीकृत ढांचाः मंत्रिमंडल ने देश के परिवहन और लॉजिस्टिक्स तंत्र में बेहतर समन्वय के लिए इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स अथॉरिटी की स्थापना को भी मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे देश के परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र में व्यापक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रधानमंत्री के अनुसार देश के विभिन्न परिवहन माध्यमों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, डेटा आधारित योजना को बढ़ावा देना और मल्टीमॉडल परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना है। वर्तमान में सड़क, रेल, बंदरगाह, जलमार्ग और हवाई परिवहन जैसे विभिन्न माध्यमों के बीच बेहतर तालमेल से माल और यात्रियों की आवाजाही को अधिक सुगम और प्रभावी बनाया जा सकता है।

डेटा आधारित योजना पर जोरः अब परिवहन और लॉजिस्टिक्स से जुड़े आंकड़ों का बेहतर इस्तेमाल कर योजना बनाने पर जोर दिया जाएगा। डेटा आधारित योजना से माल ढुलाई के मार्गों, परिवहन क्षमता, बुनियादी ढांचे की जरूरत और विभिन्न परिवहन माध्यमों के बीच कनेक्टिविटी को अधिक प्रभावी तरीके से विकसित करने में मदद मिल सकती है।

मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ावाः सरकार लंबे समय से सड़क, रेल, बंदरगाह, अंतर्देशीय जलमार्ग और हवाई परिवहन को एक-दूसरे से जोड़कर मल्टीमॉडल परिवहन व्यवस्था विकसित करने पर जोर दे रही है। आईटीएलए को इसी व्यापक दृष्टिकोण के तहत महत्वपूर्ण संस्थागत कदम माना जा रहा है। अलग-अलग परिवहन माध्यमों के बीच बेहतर समन्वय से लॉजिस्टिक्स की लागत और समय को कम करने तथा आपूर्ति श्रृंखला को अधिक कुशल बनाने में मदद मिल सकती है।

विकास की गति पर पड़ेगा व्यापक असरः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परिवहन और लॉजिस्टिक्स तंत्र में सुधार का असर केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश की समग्र विकास यात्रा पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। बेहतर कनेक्टिविटी और कुशल लॉजिस्टिक्स से उद्योगों को कच्चे माल और तैयार उत्पादों की आवाजाही में सुविधा मिलेगी तथा व्यापार और विनिर्माण गतिविधियों को गति मिल सकती है।

एमएसएमई और लॉजिस्टिक्स दोनों फैसलों को सरकार के व्यापक आर्थिक एजेंडे से जोड़कर देखा जा रहा है। एक ओर एमएसएमई को तकनीक, उत्पादन और वैश्विक बाजारों से जोड़ने पर जोर है, वहीं दूसरी ओर बेहतर परिवहन और लॉजिस्टिक्स ढांचा उद्योगों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने का आधार बन सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पहलों का लक्ष्य भारत को अधिक प्रतिस्पर्धी, आधुनिक और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से मजबूती से जोड़ना है।

सुप्रीम कोर्ट का एनएचएआई से सवाल

वाहनों की तुरंत निगरानी के लिए इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम क्यों नहीं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ कोर्ट ने निगरानी को बताया जरूरी

राष्ट्रीय राजमार्गों पर खड़े या पार्क किए गए वाहनों से होने वाले सड़क हादसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। मंगलवार को कोर्ट ने सवाल किया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पास ऐसा इलेक्ट्रॉनिक निगरानी तंत्र क्यों नहीं हो सकता, जिससे हाईवे पर खड़े किसी वाहन की तुरंत पहचान और निगरानी की जा सके। यह टिप्पणी राजस्थान के फलोदी में नवंबर 2025 में हुए सड़क हादसे से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान आई। इसमें 15 लोगों की मौत हुई थी।

सुप्रीम कोर्ट को मिले 3 नए जज

सीजेआई ने दिलाई शपथ तीनों ने संभाली जिम्मेदारी

सुप्रीम कोर्ट को मंगलवार को 3 नए न्यायाधीश मिले। सीजेआई सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल, न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह का लाइव प्रसारण भी किया गया। इस बार समारोह का समय अलग रहा। तीनों न्यायाधीश इससे पहले अलग-अलग हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 सितंबर 2026 को हुई बैठक में तीनों के नामों की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के लिए सिफारिश की थी।

शिवसेना चुनाव चिन्ह विवाद

आरोपी लोगों पर चुनाव से जुड़ी भावना लागू होनी चाहिए

शिवसेना के चुनाव चिह्न विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक रूप से सवाल किया कि क्या दलबदल के आरोपी लोगों पर भी पार्टी के चुनाव चिह्न से जुड़ी भावना लागू होनी चाहिए। सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ सुनवाई कर रही थी।इनमें निर्वाचन आयोग के उस फैसले को चुनौती भी शामिल है, जिसमें एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को वास्तविक शिवसेना माना गया था। उसे धनुष-बाण चिह्न दिया गया था।

जंतर-मंतर 2.0 से पहले पुलिस ने दिखाई सख्ती

प्रदर्शन से पहले प्रशासन अलर्ट

कॉकरोचों से मांगा हिसाब जाने का पैसा किसने दिया?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से दिल्ली में जंतर-मंतर 2.0 प्रदर्शन से पहले प्रशासन अलर्ट मोड में है। महाराष्ट्र पुलिस की ओर से कॉकरोचों को प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर नोटिस दिए जाने का दावा किया गया है। सीजेपी कार्यकर्ता अजिंक्य शिंदे ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि पुलिस नोटिस भेजकर कार्यकर्ताओं से पूछ रही है कि दिल्ली जाने का खर्च कौन उठा रहा है और वहां जाने का उनका मकसद क्या है? शिंदे के अनुसार पुलिस की ओर से कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में उनकी भागीदारी को लेकर भी सवाल किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इन सवालों के जरिए दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने वाले लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

■ महाराष्ट्र पुलिस ने सीजेपी पर उठाए सवाल

सीजेपे के प्रमुख ने पुलिस पर लगाए आरोप, नोटिस दे रही

सीजेपी कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोक रही पुलिसः दीपके

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस नोटिस दिए जा रहे हैं और उन्हें 10 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले सीजेपी के प्रस्तावित आंदोलन में शामिल न होने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' अब सिर्फ एक नारा रह गया है और असली मकसद 'एक देश, एक राजनीतिक पार्टी' बनाने का है। दीपके ने छत्रपति संभाजीनगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सीजेपी ने 10 अक्टूबर को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन करने का ऐलान किया है। इस प्रदर्शन के जरिए पार्टी सीईसी के इस्तीफे की मांग करेगी।

आदिवासी समुदायों के संवैधानिक अधिकारों पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

जुएल ओराम ने किया दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन, 30 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से 75 से अधिक प्रतिनिधि ले रहे

नई दिल्ली

जनजातीय समुदायों के संवैधानिक अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनजातीय कार्य मंत्रालय ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में देश के करीब 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 75 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को संविधान के तहत प्राप्त अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत करना तथा उनके लिए उपलब्ध संरक्षण एवं सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी बनाना है।

क्षेत्रीय स्तर की चुनौतियों को समझने पर जोर

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि जनजातीय समुदायों से जुड़ी जमीनी चुनौतियों को समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्षों के अनुभवों से केंद्र सरकार को व्यावहारिक समाधान तैयार करने तथा जरूरत के अनुरूप दिशा-निर्देश बनाने में मदद मिलेगी। मंत्री ने सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्रीय अनुभव, सफल प्रयोग और बेहतर कार्यप्रणालियां साझा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक राज्य में अपनाई गई प्रभावी व्यवस्था से दूसरे राज्यों को भी सीखने और अपने यहां उसे स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप लागू करने का अवसर मिल सकता है।

संवैधानिक सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा

दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान जनजातीय समुदायों के संवैधानिक अधिकारों और उनके लिए उपलब्ध कानूनी सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन में क्षेत्रीय स्तर पर सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के व्यावहारिक उपायों पर भी अनुभव साझा किए जाएंगे। सम्मेलन से संवैधानिक सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन को और मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है। साथ ही जनजातीय समुदायों के लिए उपलब्ध संरक्षण और सरकारी सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सुलभ बनाने की दिशा में भी यह सम्मेलन उपयोगी साबित हो सकता है।

राज्यों के बीच अनुभव साझा करने का मंच

राष्ट्रीय सम्मेलन को केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय तथा अनुभव साझा करने के महत्वपूर्ण मंच के रूप में देखा जा रहा है। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी से जनजातीय समुदायों से संबंधित योजनाओं और संवैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति पर चर्चा का अवसर मिलेगा। मंत्रालय के मुताबिक, सम्मेलन का व्यापक उद्देश्य संवैधानिक अधिकारों और सुरक्षा प्रावधानों को कागजों तक सीमित रखने के बजाय उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में व्यावहारिक प्रयासों को बढ़ावा देना है।

5 राज्यों में उपचुनाव खत्म

तमिलनाडु और नंदीग्राम में सबसे ज्यादा वोटिंग, बाकी राज्य पीछे नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम की एक लोकसभा और 3 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। असम की नगांव लोकसभा सीट के साथ ही मंगलवार को पश्चिम बंगाल की रेजीनगर और नंदीग्राम, तमिलनाडु की मदुरांतकम और धारापुरम, पुदुचेरी की थट्टांचावडी विधानसभा सीटों को लेकर हो रहा मतदान खत्म हो चुका है। असम की नगांव लोकसभा सीट76.16 फीसदी, पुदुचेरी की थट्टनचावडी विधानसभा सीट पर 80.81, तमिलनाडु की मदुरांतकम विधानसभा सीट 85.98,पश्चिम बंगाल रेजीनगर विधानसभा सीट पर 9.90 और नंदीग्राम विधानसभा सीट पर 80.69 फीसदी मदतान हुआ।

■ पांच विधानसभा सीटों पर हुआ मतदान

बंगाल में सीएम सुवेंदु ने किया जीत का दावा

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम और रेजीनगर उपचुनाव को लेकर भाजपा की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि दोनों सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी और नंदीग्राम में पार्टी बड़े अंतर से विजयी होगी। रेजीनगर में भी भाजपा के पास जीत के लिए जरूरी वोट हैं।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415